# दैनिक करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। शनिवार 28 दिसंबर-2024 | ● वर्ष : 10 अंक : 8 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य : ₹3







## बारिश और सर्दी के चलते गाजियाबाद में 8वीं तक के स्कूल तीन दिन को बंद

### लगातार बारिश के चलते डीएम इन्द्र विक्रम सिंह ने जारी किया आदेश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** डीएम इन्द्र विक्रम सिंह जानकारी देते हुए बताया है कि गाजियाबाद में लगातार बारिश के चलते कक्षा 1 से 8 तक के स्कूल 3 दिन के लिए बंद किए गए। जिलाधिकारी ने बताया कि सभी बोर्ड के स्कूल 28 दिसंबर से 30 दिसंबर तक बंद रहेंगे, कक्षा 9 से ऊपर की क्लासेज 9 बजे संचालित होंगी। शुक्रवार को सुबह से लगातार बारिश हो रही है।

#### डीएम ने जारी किया है आदेश

**करंट क्राइम :** जनपद में भारी वर्षा के दृष्टिगत जिलाधिकारी गाजियाबाद द्वारा आदेश जारी किया गया है। जिसमें जनपद गाजियाबाद में कक्षा 1 से 8 तक के समस्त परिषदीय, माध्यमिक, सीबीएसई, आईसीएसई व अन्य बोर्ड से संबद्धत प्राप्त समस्त विद्यालय दिनांक 28 दिसंबर से 30 दिसंबर तक पूर्णतया बंद रहेंगे। साथ ही कक्षा 9 से ऊपर की कक्षाएं प्रातः 9 बजे से पूर्व संचालित नहीं की जानी है। डीएम ने इसके लिए बीएसए व डीआईओएस के लिए कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिए हैं।

## पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को पीएम मोदी, राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने दी श्रद्धांजलि







**नई दिल्ली।** पूर्व दिवंगत प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन के बाद शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने दिल्ली स्थित आधिकारिक आवास पर पहुंचकर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। केंद्र सरकार ने पूर्व पीएम के सम्मान में 7 दिन का राजकीय शोक घोषित किया है। पूर्व पीएम के आवास पर उनके पार्थिक देह को नेताओं द्वारा श्रद्धांजलि के बाद आज उनके शरीर को कांग्रेस कार्यालय में अंतिम दर्शन के लिए रखा जाएगा, जहां आम लोग उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर सकेंगे। इसके बाद कल ही पूर्व पीएम की बेटियों के अमेरिका से आने के बाद उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा।

हालांकि, अंतिम संस्कार कहां होगा, इसका फैसला प्रधानमंत्री कार्यालय के द्वारा लिया जाएगा। दरअसल, पूर्व पीएम मनमोहन सिंह लंबे वक्त से बीमार चल रहे थे। घर पर बेहोश होने के बाद कल रात 8:6 बजे उन्हें दिल्ली एम्स लाया गया था, जहां 9:51 बजे उन्होंने आखिरी सांस ली। 2004 में वे देश के 14वें प्रधानमंत्री चुने गए थे। इस बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पूरे देश की तरफ से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनसे (मनमोहन सिंह) से मुलाकातों के दौरान हुई चचाएं सदा स्मरण रहेंगी।

### स्व. पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का स्वागत कार्यक्रम निरस्त





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा ने देश के दो बार प्रधानमंत्री रहे डॉ. मनमोहन सिंह के निधन के कारण अपने कई कार्यक्रम निरस्त किये हैं इनमें गाजियाबाद में होने वाला भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के स्वागत का कार्यक्रम भी निरस्त किया गया है। शहर विधायक तथा भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने ये जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के कारण आज होने वाले स्वागत कार्यक्रम को निरस्त कर दिया गया है। आज भाजपा कार्यकर्ता अपने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के भव्य स्वागत कार्यक्रम की तैयारी में थे। महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री के निधन के बाद स्वागत कार्यक्रम निरस्त कर दिया गया है। उन्होंने स्व. पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि हम इस शोक की घड़ी में उनकी आत्मा की शांति के लिये प्रार्थना करतपेजे हैं और उनके परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हैं।

## पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम को लेकर मंडलायुक्त ने किया निरीक्षण

### कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर अधिकारियों को किया गया निर्देशित



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गाजियाबाद में 29 दिसंबर को प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत नमो भारत रेलवे साहिबाबाद से सवार होंगे और दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के मद्दे नजर मंडला आयुक्त सेल्वा कुमारी जे द्वारा शुक्रवार को निरीक्षण किया गया। साथ ही मुख्य सचिव उत्तर प्रदेश द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम को लेकर जनपद में की गई तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई है। मंडला आयुक्त सेल्वा कुमारी जे, जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से मुख्य सचिव को कार्यक्रम की तैयारी के बारे में अवगत कराया गया है।

#### हिंडन एयरबस में उतरेगा प्रधानमंत्री का विशेष विमान

**करंट क्राइम :** नमो भारत ट्रेन का संचालन साहिबाबाद से आनंद विहार की ओर शुरू होने वाला है। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शामिल हो रहे हैं। प्रधानमंत्री कार्यक्रम में शामिल होने के लिए दिल्ली से अपने विशेष विमान से हिंडन एयर बेस में उतरेंगें। वहां से उनका सुरक्षा का त्रिस्तरीय घेरे का कवच प्रदान करते हुए कार्यक्रम स्थल लेकर पहुंच जाएगा। प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से कार्यक्रम स्थल पहुंचेंगे, इसको लेकर मार्ग के सभी सुधार कार्य कराए जा रहे हैं ताकि किसी प्रकार की असुविधा ना हो।

#### मंडला आयुक्त ने कलेक्ट्रेट में निर्माण कार्य का किया अवलोकन

**करंट क्राइम :** शुक्रवार को मंडला आयुक्त सेल्वा कुमारी जे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के मद्देनजर गाजियाबाद में थी। तो उन्होंने कलेक्ट्रेट स्थित निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इसके पश्चात उन्होंने यहां की गुणवत्ता जानी। वहीं मेरठ कमिश्नर ने सुरक्षा, स्वच्छता, रूट चार्ट से संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही उन्होंने जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह, नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक, सीडीओ अभिनव गोपाल, एडीएम एलए विवेक मिश्रा, एसडीएम सिटी गंभीर सिंह सहित आरआरटीएस के अधिकारियों और अन्य विभागों के अधिकारीगणों से वातालाप करते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने के निर्देश दिए हैं।

## क्या इसे माना जाए सियासी इत्तेफाक या फिर कुछ ओर ही था पॉलिटिकल करार

## जब हो रहा था मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह का स्वागत तब क्यों नजर नहीं आए भाजपा महानगर अध्यक्ष पद के दावेदार



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** राजनीति में कई बार इत्तेफाक हो जाते हैं। कई बार संयोग बन जाते हैं और कई बार सीन बाइचांस हो जाता है और ये इत्तेफाक एक बार फिर हो गया जब राजनगर में अपने आवास पर मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह आए और उनका स्वागत हो रहा था तो यहां कई चेहरे नजर नहीं आए। जनरल वीके सिंह गाजियाबाद के सांसद रहे हैं। वो लगातार दो बार यहां से लोकसभा चुनाव जीते हैं। केंद्र में मंत्री रहे हैं और अब उन्हें मिजोरम राज्य का गवर्नर बनाया गया है।

गुरुवार को जब मिजोरम के महामहिम जनरल वीके सिंह आए तो उन्हें बधाई देने, उनका स्वागत करने कई नेता पहुंचे। लेकिन ये एक इत्तेफाक रहा कि भाजपा महानगर अध्यक्ष पद के कई दावेदारों ने महामहिम के वेलकम वाले फूलों से दूरी बना ली। इनमें कई चेहरे ऐसे भी हैं जो जनरली काफी नजदीक रहे हैं। यहां पर ये बात भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजा वर्मा ने उठाई भी थी कि जब जनरल वीके सिंह आए हैं तो यहां जनप्रतिनिधियों को उनके स्वागत में आना चाहिए था। लेकिन देखने में ये आया कि जनप्रतिनिधि तो आए ही नहीं और आए वो चेहरे भी नहीं जो भाजपा महानगर अध्यक्ष की दावेदारी में हैं। ये चेहरे जनरल वीके सिंह के स्वागत से दूरी बना गए। हो सकता है कि ये एक इत्तेफाक हो, लेकिन राजनीति में कई इत्तेफाकों को नोटिस किया जाता है और भगवा गढ़ की राजनीति में जनरली पहले भी ऐसा इत्तेफाक हो हुआ जब नदिया पार में एक भंडारे में सेम टाइम, सेम डेट पर सारे विधायक मौजद थे और उसी टाइम उसी डेट में दिशा की बैठक में ये विधायक नहीं पहुंचे थे। लिहाजा जब अध्यक्ष पद के दावेदार नहीं पहुंचे ते इसकी चर्चा होनी स्वाभाविक है।

### दावेदारी की बैटिंग कर रहे चेहरों को था डर, बिगड़ ना जाए सेटिंग

भगवा गढ़ की राजनीति में पावर सेंटर का निर्माण हो चुका है और ये सब जानते हैं कि अगर पॉलिटिक्स में करंट लाना है तो पावर सेंटर से कनेक्शन जोड़कर रखने जरूरी है और पावर सेंटर के तरफ कोई ऐसा संदेश ना चला जाए कि दावेदारी का करंट का फ्यूज उड़ जाए इसका ध्यान रखा गया है। एक चेहरा इत्तेफाक हो सकता है, दो चेहरे इत्तेफाक हो सकते हैं, लेकिन दावेदार स्वागत के कार्यक्रम से ही फरार वाले सीन में हो फिर ये माना जा सकता है कि कहीं कुछ करार तो हुआ है। दावेदारी की बैटिंग कर रहे चेहरों को अपनी सेटिंग का भी ख्याल रहा होगा, क्योंकि भगवा गढ़ में ही ये चर्चा बड़ी तेजी से उठ रही है कि अक्सर जनरल वीके सिंह के यहां नजर आने वाले मयंक गोयल क्यों नहीं पहुंचे। जबकि मयंक गोयल का जनरली कनेक्शन अच्छा बताया जाता है। जनरल वीके सिंह के प्रति फुल सम्मान रखने वाले मानसिंह गोस्वामी भी यहां दिखाई नहीं दिये। महानगर महामंत्री गोपाल अग्रवाल भी नहीं पहुंचे। महानगर अध्यक्ष पद की दावेदारी में चल रहे राजेश त्यागी भी एक डिस्टेंस बनाकर रहे और पप्पू पहलवान भी नजर नहीं आए। इस इत्तेफाक वाले सीन में महानगर अध्यक्ष पद के दावेदारों में बोबी त्यागी, प्रेम त्यागी भी नहीं दिखाई दिये। महानगर की बात छोड़ो और जिले के दावेदारों में डीडी यादव से लेकर सतपाल प्रधान तक कई चेहरे गायब रहे। माना यही जा रहा है कि इन चेहरों ने दूरी बना ली और स्वागत कार्यक्रम में जाने के इरादे पर बेरियर लगाया और अपने दावेदारी के करियर पर फोकस किया।

### स्वागत



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। पूर्व विधायक प्रशांत चौधरी का गाजियाबाद के पूर्व सांसद एवं वर्तमान में मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह से विशेष स्नेह रहता है। उनका यही स्नेह तब नजर आया जब वह राज्यपाल वीके सिंह का स्वागत करने के लिए कई समर्थकों के साथ उनके आवास पर पहुंचे। इस मौके पर श्री सिंह की धर्मपत्नी भारती सिंह व हातम सिंह नागर और वीरेन्द्र शर्मा मुन्ना भी मौजूद रहे।

## गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने दी पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भावुक विदाई

### पोस्ट डालकर बताया मैंने निभाई थी तीन साल तक मुख्य बॉडीगार्ड की भूमिका

### सोशल मीडिया पर साझा की पूर्व पीएम स्व. मनमोहन सिंह के साथ की तस्वीरें



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** यूपी कैडर के पूर्व आईपीएस अधिकारी और प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह के तीन सालों तक बॉडीगार्ड की जिम्मेदारी संभालने वाले उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार मंत्री और गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने देश के 13वें प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जाहिर किया है।

सोशल मीडिया पर उन्होंने प्रधानमंत्री के साथ की तस्वीरें और उनको याद दिलाने वाले कई पल भी साझा किए हैं। जिसमें असीम अरुण ने सोशल मीडिया पर जानकारी दी है कि वह प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के मुख्य बॉडीगार्ड रहे हैं। पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर वह भावुक हो गए थे। उन्होंने कहा कि मनमोहन सिंह बहुत ही सरल और सादगी पसंद इंसान थे। उनके साथ ही तीन सालों तक उन्होंने उनसे बहुत कुछ सीखा है।

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देने वालों में यूं तो देश के अधिकांश नेताओं से लेकर खेल, फिल्म और उद्योग जगत के लोग शामिल हैं लेकिन सोशल मीडिया पर पूर्व आईपीएस अधिकारी और उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री असीम अरुण की पोस्ट जमकर वायरल हो रही है।

### असीम अरुण ने बताया मनमोहन सिंह बीएमडब्ल्यू से नहीं, मारुति 800 से करते थे प्यार



**करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री और गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री असीम अरुण ने प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के साथ बीते अनसुने किस्से भी सोशल मीडिया पर साझा किए हैं। इसमें से उन्होंने एक महत्वपूर्ण जानकारी दी है जिसमें असीम अरुण ने कहा है कि स्वर्गीय प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह अपनी मारुति 800 कार से बहुत अधिक प्रेम करते थे। उनके प्रधानमंत्री आवास में बीएमडब्ल्यू के पीछे ही उनकी मारुति 800 कार खड़ी रहती थी। मनमोहन सिंह कहते थे असीम यह करोड़ की कार मेरी नहीं है, यह प्रधानमंत्री की है। मेरी गड्डी तो मारुति 800 ही है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह को लेकर उन्होंने उनके साथ बिताए गए पलों के तीन फोटो भी सोशल मीडिया पर साझा किए गए हैं। जिसमें असीम अरुण का परिवार भी नजर आ रहा है।



### असीम अरुण ने लिखा पूर्व पीएम अपने स्टाफ का रखते थे पूरा ख्याल

**करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री और गाजियाबाद के प्रभारी मंत्री के रूप में जिम्मेदारी संभालने वाले पूर्व आईपीएस अधिकारी असीम अरुण ने सोशल मीडिया पर पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय मनमोहन सिंह के साथ बिताए गए लम्हों को साझा करते हुए एक महत्वपूर्ण जानकारी और दी है। उन्होंने कहा है कि जब वह तीन सालों तक प्रधानमंत्री के बॉडीगार्ड रहे, तो वह सुरक्षा के सबसे अंदरूनी घेरे में चलते थे। अगर प्रधानमंत्री के साथ एक भी कमांडो या गार्ड होता था तो वह असीम अरुण वहां मौजूद होते थे। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि प्रधानमंत्री अपने पूरे स्टाफ का पूरा ख्याल रखते थे। सबसे पहले यही पूछते थे कि खाना खाया कि नहीं।



# मनमोहन देश के इकलौते प्रधानमंत्री, जिनका नोटों पर भी हस्ताक्षर



### सात दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा

केंद्र सरकार ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के 26 दिसंबर, 2024 को नई दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन के बाद 26 दिसंबर, 2024 से एक जनवरी, 2025 तक पूरे देश में सात दिवसीय राजकीय शोक की घोषणा की है। इस दौरान, उन सभी स्थानों पर राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका रहेगा, जहां इसे पारंपरिक रूप से फहराया जाता है और सभी आधिकारिक कार्यक्रम स्थगित रहेंगे।

### भारत के 14वें पीएम मनमोहन सिंह का सफर

भारत के 14वें प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। वह एक विचारक और विद्वान के रूप में काफी प्रसिद्ध थे। वह अपनी नम्रता, कर्मठता और कार्य के प्रति प्रतिबद्धता के लिए जाने जाते थे। उनका जन्म 26 सितम्बर 1932 को अविभाजित भारत के पंजाब प्रान्त के एक गांव में हुआ था। उन्होंने 1948 में पंजाब विश्वविद्यालय से मैट्रिक की शिक्षा पूरी की। उसके बाद उन्होंने अपनी आगे की शिक्षा ब्रिटेन के कैंब्रिज विश्वविद्यालय से प्राप्त की। 1957 में उन्होंने अर्थशास्त्र में प्रथम श्रेणी से ऑनर्स की डिग्री हासिल की। इसके बाद 1962 में उन्होंने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के नूफिल्ड कॉलेज से अर्थशास्त्र में डी. फिल किया। उन्होंने अपनी पुस्तक 'भारत में निर्यात और आत्मनिर्भरता और विकास की संभावनाएं' में भारत में निर्यात आधारित व्यापार नीति की आलोचना की थी।

- भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दो गवर्नर वित्त मंत्री बने- उनमें एक मनमोहन सिंह और दूसरे थे सीडी देशमुख।
- चार वित्त मंत्री प्रधानमंत्री बने- ये नाम हैं मोरारजी देसाई, चरण सिंह , वी.पी. सिंह और मनमोहन सिंह।
- चार शीर्ष नौकरशाह जो वित्त मंत्री बने- उनमें एचएम पटेल, सीडी देशमुख, यशवंत सिन्हा और मनमोहन सिंह का नाम।
- मनमोहन सिंह धाराप्रवाह हिंदी बोल सकते थे, लेकिन उर्दू में भाषा में उनकी दक्षता के कारण उनके भाषण उर्दू में लिखे जाते थे।
- मनमोहन सिंह को 1993 में यूरोमनी और एशियामनी की ओर से ₹फाइनेंस मिनिस्टर ऑफ दर ईयर₹ के रूप में नामित किया गया
- 1962 में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू ने मनमोहन सिंह को सरकार में पद की पेशकश की तो सिंह ने कर दिया था अस्वीकार।

### नोटों पर हस्ताक्षर करने वाले देश के एकमात्र पीएम

2005 में डॉ. मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री के पद पर थे तब भारत सरकार ने 10 रुपये का एक नया नोट जारी किया था। उस पर मनमोहन सिंह के हस्ताक्षर थे। हालांकि नियमों के अनुसार उस समय नोटों पर भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर के हस्ताक्षर होते थे। लेकिन 10 रुपये के नोट पर मनमोहन सिंह का हस्ताक्षर एक विशेष बदलाव के तहत किया गया था।डॉ. मनमोहन सिंह ने 16 सितंबर 1982 से लेकर 14 जनवरी 1985 तक भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर का पदभार संभाला था। उस दौरान छपने वाले नोटों पर मनमोहन सिंह के हस्ताक्षर हुआ करते थे। भारत में यह व्यवस्था आज भी है कि करेंसी पर राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री की नहीं, बल्कि आरबीआई गवर्नर ही साइन करते हैं।

### 2008 की वैश्विक मंदी के दौर में देश को कुशल नेतृत्व दिया

डॉ. सिंह ने 2008 की वैश्विक वित्तीय मंदी दौर में देश का नेतृत्व किया। उन्होंने इस मुश्किल वक्त से बाहर निकलने के लिए एक विशाल प्रोत्साहन पैकेज की घोषणा की थी। उनके प्रधानमंत्री रहते हुए वित्तीय समावेशन को बड़े पैमाने पर बढ़ावा दिया गया। प्रधानमंत्री के तौर पर उनके कार्यकाल के दौरान देश भर में बैंक शाखाएं खोली गईं। सूचना का अधिकार, भोजन का अधिकार और बच्चों को मुफ्त व अनिवार्य शिक्षा का अधिकार अधिनियम जैसे अन्य सुधार भी उनके कार्यकाल में हुए।

**नई दिल्ली।** डॉ. मनमोहन सिंह ने 10 वर्षों तक प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने से पहले आरबीआई गवर्नर, योजना आयोग के उपाध्यक्ष और वित्त मंत्री का भी कार्यभार संभाला था। उन्हें उदारीकरण के जरिए देश को गंभीर आर्थिक संकट से निकालने का श्रेय जाता है। वे देश के इकलौते पीएम थे जिनके हस्ताक्षर वाला नोट देश में चला।

भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह गुरुवार को 92 साल की उम्र में दुनिया को अलविदा कह गए। डॉ. मनमोहन सिंह ने 10 वर्षों तक प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने से पहले आरबीआई गवर्नर, योजना आयोग के उपाध्यक्ष और वित्त मंत्री का भी कार्यभार संभाला था। उन्हें उदारीकरण के जरिए देश को गंभीर आर्थिक संकट से निकालने का श्रेय जाता है। इसके अलावे उनके नाम एक विशेष उपलब्धि भी है। वे देश के एकमात्र ऐसे प्रधानमंत्री रहे हैं, जिनका हस्ताक्षर भारत के नोटों (करेंसी) पर रहा।

पूर्व पीएम मनमोहन सिंह को देश के आर्थिक उदारीकरण का पुरोधा कहा जाता है। अर्थशास्त्र पर उनकी गहरी पकड़ और रुचि थी। 1991 में नरसिम्हा राव की सरकार में वित्त मंत्री रहते हुए उन्हें देश में लाइसेंस राज खत्म करने का श्रेय जाता है। उनके द्वारा किए गए सुधारों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को एक नई राह दिखाई। मनमोहन सिंह ने जब 1991 वित्त मंत्रालय की बागडोर संभाली थी, तब भारत का राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 8.5 प्रतिशत के करीब था, भुगतान संतुलन घाटा बहुत बड़ा था और चालू खाता घाटा भी जीडीपी के 3.5 प्रतिशत के आसपास पहुंच गया था था। देश के पास जरूरी आयात का खर्च जुटाने के लिए केवल दो हफ्ते विदेशी मुद्रा ही शेष बचा था। देश को अपना सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड के पास गिरवी रखना पड़ा था। हालांकि मनमोहन पद संभालने के बाद अपने दूरदर्शी फैसलों से देश को आर्थिक संकट के दौर से निकालने में कामयाब रहे। आगे चलकर देश का गिरवी रखा सोना भी आरबीआई को लौटाया गया।

#### मनमोहन सिंह के फैसलों से देश वैश्वीकरण की राह पर बढ़ा आगे

24 जुलाई 1991 को केंद्रीय बजट 1991-92 पेश करते हुए डॉ. मनमोहन सिंह नए आर्थिक युग की शुरूआत की थी। उन्होंने आर्थिक सुधार, लाइसेंस राज का खात्मा और कई क्षेत्रों को निजी व विदेशी कंपनियों के लिए खोलने जैसे साहसिक कदम उठाए। उन्होंने प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई), रुपये के अवमूल्यन, करों में कटौती और सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियों के निजीकरण की अनुमति देकर एक नई शुरूआत की। आर्थिक सुधारों की एक व्यापक नीति की शुरूआत में उनकी भूमिका को दुनिया भर में स्वीकार किया गया। उनकी नीतियों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को उदारीकरण, वैश्वीकरण और निजीकरण की दिशा में ले जाने का काम किया। वह 1996 तक वित्त मंत्री के तौर पर आर्थिक सुधारों को अमलीजामा पहनाते रहे।

#### मनरेगा और आधार का श्रेय भी मनमोहन सिंह को

मई 2004 में मनमोहन सिंह को प्रधानमंत्री के रूप में देश की सेवा करने का मौका मिला। मनमोहन सिंह की सरकार 2005 में महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) लेकर आई और बिक्री कर की जगह मूल्य वर्धित कर (वैट) लागू हुआ। इसके अलावा उन्होंने देश भर में 76,000 करोड़ रुपये की कृषि ऋण माफी और ऋण राहत योजना लागू कर करोड़ों किसानों को लाभ पहुंचाने का काम किया। देश में आधार जैसी पहचान प्रणाली शुरू करने का काम भी डॉ. मनमोहन सिंह के कार्यकाल में भी शुरू हुआ।

---

## 'एक दूरदर्शी नेता थे डॉ. मनमोहन सिंह': अरविंद केजरीवाल



### अरविंद केजरीवाल ने दी आवास पर जाकर श्रद्धांजलि

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर पूरे देश में शोक की लहर है। आसमान भी बरस रहा है। दिल्ली में मनमोहन सिंह के आवास पर जाकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने पूर्व पीएम को श्रद्धा सुमन अर्पित किए है। उनके अंतिम दर्शन के लिए पीएम मोदी से लेकर कई बड़े राजनेता भी उनके आवास पर पहुंचे। केजरीवाल ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट लिखते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह को अंतिम श्रद्धांजलि अर्पित की है। इस पवित्र क्षण में उनके परिवार से मुलाकात की और उनके प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। डॉ. सिंह एक दूरदर्शी नेता थे। जिनके आर्थिक सुधारों ने आधुनिक भारत को आकार दिया और जिनकी विनम्रता ने अनगिनत लोगों के जीवन को छुआ।

**नई दिल्ली।** पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन के बाद पूरे देश में शोक की लहर है। मनमोहन सिंह के अंतिम दर्शन के लिए देश के तमाम राजनेता उनके आवास पर पहुंच रहे हैं। अरविंद केजरीवाल ने मनमोहन सिंह के आवास पर जाकर पूर्व पीएम के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित किए। देश के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह बृहस्पतिवार रात 9:51 अंतिम सांस ली। उन्हें बेहोशी की अवस्था में घर से एम्स की आपातकालीन विभाग में लाया गया था। एम्स के मीडिया सेल की प्रभारी व प्रोफेसर डॉ रीमा दादा ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की 92 वर्ष की आयु में निधन हुआ। उम्र से संबंधित चिकित्सा स्थितियों के लिए उनका इलाज चल रहा था।

आम आदमी पार्टी ने एक्स पर लिखा कि पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और आतिशी, सांसद संजय सिंह ने भूतपूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के आवास पर जाकर उनके पार्थिव शरीर को श्रद्धांजलि अर्पित की। एक्स पर शोक संदेश लिखते हुए कहा कि मनमोहन सिंह का निधन देश के लिए एक अपूरणीय क्षति है। देश निर्माण में उनकी भूमिका हम सभी को सदैव प्रेरित करेगी। इस दुख की घड़ी में पूरा देश उनके परिवार के साथ है।

## पीएम मोदी ने मनमोहन सिंह को दी श्रद्धांजलि

## बोले- देश ने अपना एक सबसे विशिष्ट नेता खो दिया



**नई दिल्ली।** डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शोक व्यक्त किया। पीएम मोदी ने मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि भारत अपने सबसे प्रतिष्ठित नेताओं में से एक डा. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक मना रहा है। साधारण पृष्ठभूमि से उठकर वह एक प्रतिष्ठित अर्थशास्त्री बने। आगे कहा कि उन्होंने वित्त मंत्री सहित विभिन्न सरकारी पदों पर कार्य किया और वर्षों तक हमारी आर्थिक नीति पर अपनी गहरी छाप छोड़ी। संसद में उनके हस्तक्षेप भी बहुत ही व्यावहारिक थे। प्रधानमंत्री के रूप में उन्होंने लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए व्यापक प्रयास किए।

### राजकीय सम्मान से होगा अंतिम संस्कार

पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी दिल्ली पहुंच गए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता विपक्ष राहुल गांधी ने उनके निधन पर शोक जताया है। एम्स की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि मनमोहन को उम्र से संबंधित परेशानी थी। शाम को वह अचानक अपने घर में अचेत हो गए। इसके बाद रात 8.06 बजे उन्हें एम्स के आपातकालीन विभाग में भर्ती कराया गया। उन्हें बचाने की पूरी कोशिश की गई, लेकिन बचाया नहीं जा सका। एम्स से उनके शव को घर ले जाया गया।

प्रधानमंत्री ने एक्स पर मनमोहन सिंह के साथ कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं। जिसके कैप्शन में लिखा कि जब डॉ. मनमोहन सिंह जी प्रधानमंत्री थे और मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था तब मेरे और उनके बीच नियमित बातचीत होती थी। हम शासन से संबंधित विभिन्न विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श करते थे। उनकी बुद्धिमत्ता और विनम्रता सदैव झलकती रहती थी। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं डॉ. मनमोहन सिंह जी के परिवार, उनके दोस्तों और अनगिनत प्रशंसकों के साथ हैं। ॐ शांति.

---

## आज बड़ी संख्या में गाजियाबाद से कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचेंगे पूर्व प्रधानमंत्री के अंतिम संस्कार में

### शाम को कांग्रेस महानगर कार्यालय पर आयोजित होगी शोकसभा





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भारत के स्व. पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का निधन गुरुवार की रात हो गया था। उनके पार्थिव शरीर को अंतिम दर्शन के लिये रखा गया है। आज शनिवार को उनका अंतिम संस्कार दिल्ली के शांति वन में होगा। गाजियाबाद से हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता स्व. पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे। कांग्रेस के महानगर अध्यक्ष विजय चौधरी ने ये जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली में कांग्रेस पार्टी कार्यालय पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पहुंचेंगे। गाजियाबाद से हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता श्रद्धासुमन अर्पित करने पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि शनिवार की शाम को ही कांग्रेस महानगर कार्यालय पर शोकसभा का भी कार्यक्रम रखा गया है। कांग्रेस महानगर कार्यालय पर कांग्रेस कार्यकर्ता, कांग्रेस पदाधिकारी स्व. पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को श्रद्धांजलि देंगे।

## भारत के सबसे शानदार प्रधानमंत्रियों में से एक थे मनमोहन सिंह, अखिलेश यादव ने दी श्रद्धांजलि



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शुक्रवार को कहा कि डॉक्टर मनमोहन सिंह को भारत के सबसे शानदार प्रधानमंत्रियों में से एक के रूप में याद किया जाएगा। यहां संवाददाताओं से बातचीत में यादव ने कहा कि वित्त मंत्री और प्रधानमंत्री, दोनों के तौर पर सिंह के निर्णय से भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली। उन्होंने कहा, आज जितनी भी प्रगति हम देखते हैं उनमें से कई डॉक्टर मनमोहन सिंह द्वारा शुरू किए गए सुधारों की वजह से हैं। आर्थिक और बाजार संबंधी नीतियों में उनके साहसिक कदम ने भारत को वैश्विक मंच पर अन्य देशों के बराबर खड़ा करने की नींव रखी। पूर्व प्रधानमंत्री डॉक्टर मनमोहन सिंह का बृहस्पतिवार शाम दिल्ली में निधन हो गया। वह 92 वर्ष के थे और 2004 से 2014 तक वह भारत के प्रधानमंत्री रहे। महान देशभक्त भूतपूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह जी को श्रद्धा सुमन अर्पण! एक वित्तमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में आपने जो नींव रखी थी, आज जो भी परिवर्तन है उसके पीछे आपकी ही प्रेरणा और आपका बुनियादी काम रहा। यही आगे भी नये भारत को दिशाबोध कराता रहेगा, नयी राह बनाता रहेगा। अखिलेश यादव ने सिंह के ज्ञान और व्यवहारिकता दोनों के अनूठे मेल की सराहना करते हुए कहा कि वह एक शानदार अर्थशास्त्री और विचारशील नेता थे। उन्हें कम बोलने के लिए जाना जाता है, लेकिन उनके निर्णय उनके ज्ञान और दूरदृष्टि का बखान करते हैं। उनके कार्यकाल में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय बदलाव आए। सपा प्रमुख ने कहा, पूरा देश उनके निधन से दुखी है। लोग उनके भाषणों को याद कर रहे हैं। उन्हें भारत के सबसे शानदार प्रधानमंत्रियों में से एक के तौर पर याद किया जाएगा। अखिलेश यादव ने कहा, ह्यह्यमनमोहन सिंह भले ही अब इतिहास के पन्नों में चले गए हैं।

## भाई को याद कर भावुक हुईं मनमोहन सिंह की बहन



**कपूरथला।** दिल्ली स्थित एम्स में गुरुवार रात पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह का 92 साल की उम्र में निधन हो गया। पंजाब के कपूरथला में उनकी बहन का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। बड़े भाई को याद कर उनकी बहन अमरजीत कौर की आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।पिछले कुछ समय से बीमार चल रही अमरजीत कौर ने बताया कि पूर्व पीएम के अंतिम संस्कार में परिवार के लोग जाएंगे। उन्होंने कहा कि परिवार के लिए गर्व की बात है कि वह दो बार देश के प्रधानमंत्री पद पर रहे। पीएम रहने के बावजूद उनका स्वभाव काफी सरल था। प्रधानमंत्री के भांजे ने कहा कि जब भी वह अमृतसर आते थे तो रेस्ट हाउस में ही सभी पारिवारिक सदस्यों को बुलाकर वहीं मिलते थे। चार साल पहले जब वह अमृतसर आए थे, तब उनसे मुलाकात हुई थी। उल्लेखनीय है कि पूर्व पीएम मनमोहन सिंह साल 2004 से 2014 तक प्रधानमंत्री रहे थे। साल 1991 में उनकी राजनीति में एंट्री तब हुई जब 21 जून को पी.वी. नरसिम्हा राव की सरकार में उन्हें वित्त मंत्री बनाया गया। उस समय देश एक गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा था।

---

### शुभकामना



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)। गाजियाबाद के पूर्व सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री रिटायर्ड थल सेना अध्यक्ष वीके सिंह को लगातार मिजोरम का राज्यपाल बनाए जाने के बाद शुभकामना देने वालों का तांता लगा हुआ है। कोई उनसे आवास पर मिल रहा है , तो कोई गाजियाबाद में मिला। तो वहीं उत्तर प्रदेश फायर सर्विसेज के मुख्य अग्निशमन अधिकारी व वर्तमान रायबरेली की जिम्मेदारी संभालने वाले सुनील कुमार सिंह ने भी जनरल वीके सिंह को उनके दिल्ली आवास पर मुलाकात कर शुभकामनाएं एवं बधाई दी।**

### श्रीमद् भागवत कथा का छठा दिन : श्रीकृष्ण और रुकमणी का विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान




**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** इंदिरापुरम न्याय खंड 2 स्तिथ सेंट्रल पार्क में चल रही श्रीमत भागवत कथा के छठे दिन कथा व्यास भगवती प्रसाद कुकरेती ने श्रीकृष्ण और रुकमणी के विवाह की अमृत वर्षा का श्रद्धालुओं को रसपान कराया। श्रीमद् भागवत कथा के दौरान बीच-बीच में सुंदर-सुंदर झांकियां प्रस्तुत की गई। छठे दिन कथा में भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य महारास लीला का वर्णन किया। कथा वाचक ने कहा कि भगवान की महारास लीला इतनी दिव्य है कि स्वयं भोलेनाथ उनके बाल रूप के दर्शन करने के लिए गोकुल पहुंच गए। जब भगवान श्रीकृष्ण मथुरा जाने लगे समस्त ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण के रथ के आगे खड़ी हो गई। कहने लगी हे कन्हैया जब आपको हमें छोड़कर ही जाना था तो हम से प्रेम क्यों किया। गोपी उद्धव संवाद, श्रीकृष्ण एवं रुकमणी विवाह उत्सव पर मनोहर झांकी प्रस्तुत की गई। भगवान श्रीकृष्ण रुकमणी के समस्त श्रद्धालु भक्तजनों ने शादी का आंनद लिया। आज श्रीमद् भागवत कथा का सातवां दिन पूर्ण होने के बाद हवन पूजन और भंडारे का आयोजन किया जाएगा। प्रवासी जनकल्याण समिति के अध्यक्ष सागर रावत ने कहा कि शुक्रवार को हो रही रिमझिम बारिश में भी श्रद्धालु छाता लेकर कथा सुनने में मगन रहे।

## साहिबाबाद में रुक-रुक कर बारिश ने बढ़ाई ठंड, सड़कों पर जल भराव और जाम







**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद में शुक्रवार को रुक-रुक कर हो रही बारिश ने ठंड को और बढ़ा दिया, जिससे शहरवासियों को ठंड का अधिक अहसास होने लगा है। सुबह के समय हल्की बारिश ने सर्दी में इजाफा कर दिया। जबकि दिनभर रुक-रुक कर बारिश का सिलसिला जारी रहा। मौसम विभाग ने आगामी 24 घंटों में और बारिश की संभावना जताई है। बारिश के कारण साहिबाबाद की सड़कों पर जलभराव की स्थिति पैदा हो गई, खासकर प्रमुख इलाकों जैसे वसुंधरा रेड लाइट साहिबाबाद, गांव झंडापुर डेल्टा कॉलोनी शालीमार गार्डन, राजेंद्र नगर, इंदिरापुरम, मोहन नगर, वसुंधरा अंडरपास, साहिबाबाद रेलवे अंडरपास, गौशाला फाटक, चुंगी नंदग्राम, गोविंदपुरम, विजयनगर सिद्धार्थ विहार समेत अन्य कई स्थानों पर जल भराव की स्थिति भी बन गई। जिससे वाहन चालकों को गाड़ियों की रफ्तार धीमी करनी पड़ी, और कई जगहों पर पानी जमा होने के कारण आवाजाही में परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश के कारण सड़कें फिसलन भरी हो गई थीं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा भी बढ़ गया। ठंड का ये दौर अगले कुछ दिनों तक जारी रह सकता है और शहरवासियों को सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। वहीं, तापमान में गिरावट के चलते लोग गर्म कपड़े पहनकर बाहर निकलने लगे हैं। दुकानदार राहुल परिहार का कहना है की बारिश के चलते व्यापार काम हुआ। शुक्रवार को हो रही रिमझिम बारिश के दौरान लोगों ने अलाव का सहारा लिया दुकान व ऑफिस में से अलाव जलकर नजर आए।






# नए साल के विशेष सुरक्षा घेरे में आए 1215 वाहन, 1777 व्यक्तियों की हुई जांच

## पुलिस कमिश्नरेट ने चलाया है नववर्ष के दृष्टिगत खास अभियान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में नववर्ष से पहले और नए वर्ष प्रवेश में कानून व्यवस्था की स्थिति सुधरे और किसी प्रकार की आपराधिक वारदात ना हो इसको लेकर 26 दिसंबर से 2 जनवरी तक के लिए विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। इस चेकिंग अभियान को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट के अंतर्गत आने वाले तीनों जोन के 26 स्थानों पर प्रतिदिन चलाया जा रहा है। अभियान के दूसरे दिन 27 दिसंबर शुक्रवार को गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट द्वारा 1777 व्यक्तियों की जांच की गई है। साथ ही जो संदिग्ध नजर आ रहे थे, उनसे 27 से पूछताछ भी की गई है। इसके साथ ही पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद ने 1215 वाहनों की चेकिंग की है। अभियान के दौरान 26 स्थानों पर हर प्वाइंट पर 10 पुलिसकर्मी मौजूद रहते हैं। जिसमें पांच सब इंस्पेक्टर शामिल रहते हैं। वह जांच वाहनों की चेकिंग और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं।






### 265 वाहन चालकों के विरुद्ध हुई कार्रवाई

करंट क्राइम : नववर्ष को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए जो अभियान चलाया गया है उसका पहले दिन भी असर देखने को मिला है। तो दूसरे दिन भी पुलिस ने बड़े संख्या में कार्रवाई की है। 1215 वाहनों की चेकिंग के दौरान 265 वाहन चालकों के विरुद्ध पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस द्वारा मोटर वाहन अधिनियम के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए दो वाहनों को सीज भी किया गया है।

### 2 जनवरी तक चलेगा अभियान

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में कानून व्यवस्था को बेहतर ढंग से संभालने और नए साल से पूर्व और साल के शुरूआती दिनों में किसी प्रकार की वारदात ना हो, इसको रोकने के लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इस बार नव वर्ष को लेकर विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान 26 स्थानों पर हर प्वाइंट पर 10 पुलिसकर्मी मौजूद रहते हैं। जिसमें पांच सब इंस्पेक्टर शामिल रहते हैं। वह जांच वाहनों की चेकिंग और नियम तोड़ने वालों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। डीसीपी सिटी जोन और वर्तमान में कानून व्यवस्था मुख्यालय की जिम्मेदारी संभाल रहे आईपीएस अधिकारी राजेश कुमार ने बताया है कि यह अभियान 2 जनवरी तक जारी रहेगा।

### महिला वाहन चालकों की भी हो रही है जांच



**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा चलाए जा रहे हैं विशेष अभियान में न सिर्फ पुरुष बल्कि महिलाओं को भी इस बार जांचा जा रहा है। कई स्थानों पर महिला सब इंस्पेक्टर की ड्यूटी लगाकर नियम तोड़ने वाली महिलाओं को भी रोका जा रहा है। उनको सख्ती से चेतावनी दी जा रही है। साथ ही नियम तोड़ने वालों के चालान भी किया जा रहे हैं।





# भले ही एक घंटे अतिरिक्त खुलेंगी वाइन शॉप, पर ब्रेथ एनालाइजर से कटेंगे सबसे ज्यादा चालान

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश में आबकारी विभाग ने जहां राजस्व बढ़ाने के लिए 31 दिसंबर को वाइन शॉप एक घंटे अतिरिक्त खोलने का निर्णय लिया है। तो वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में पुलिस शराब का सेवन करके वाहन चलाने वालों पर तगड़े एक्शन के मूड में नजर आ रही है। यह खबर कुछ लोगों को परेशान करेगी तो सड़क हादसों में कमी लाने के लिए पुलिस का यह महत्वपूर्ण एक्शन रहेगा। पुलिस के सूत्रों से जानकारी मिली है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत आने वाले तीनों जोन को मिलाकर लगभग 100 पुलिसकर्मी ब्रेथ एनालाइजर के साथ 31 दिसंबर की रात ड्यूटी पर मौजूद रहेंगे। वहीं एक जनवरी को भी वह अपनी ड्यूटी को संभालने का काम करेंगे। इसमें यातायात पुलिस के पास लगभग 40 ब्रेथ एनालाइजर हैं। तो वहीं सिविल पुलिस के पास 80 से अधिक ब्रेथ एनालाइजर हैं। ब्रेथ एनालाइजर के जरिए पुलिस शराब का सेवन करके वाहन चलाने वालों पर चालान की कार्रवाई करते हुए उनपर अंकुश लगाने का काम करेगी। बीते दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा जारी एडवाइजरी में इस बात का जिक्र कर दिया गया है कि वाहन चलाने वाले लोग शराब का सेवन नहीं करेंगे।

### पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 100 पुलिसकर्मी संभालेंगे ब्रेथ एनालाइजर के साथ कमान



### टल्ली होकर आने वालों की खैर नहीं, पुलिस रहेगी एक्टिव

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट के डीसीपी स्तर के अधिकारियों द्वारा अपने जोन के थाना प्रभारियों एवं सहायक पुलिस आयुक्त द्वारा भी 24 घंटे में दो बार वाहन चेकिंग प्वाइंट पर आकस्मिक रूप से अथवा स्वयं मौजूद रहकर वाहन चेकिंग कराएंगे। इसका उद्देश्य शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर नकेल लगाना, गाड़ी की छतों एवं बोनट पर बैठकर रील बनाने और महिलाओं एवं बच्चियों के साथ छेड़खानी करने से रोकना रहेगा। टल्ली होकर वाहन चलाने वालों की खैर नहीं रहेगी, इनको रोकने के लिए पुलिस एक्टिव मोड में रहेगी।

### 31 दिसंबर और एक जनवरी के लिए है निर्देश

**करंट क्राइम :** 31 दिसंबर और एक जनवरी को ऐसे सभी सार्वजनिक स्थान, रेस्टोरेन्ट, होटल, बार जहां नववर्ष के कार्यक्रम आयोजित होंगे। वहां निकास द्वार के पास पुलिसकर्मी ब्रीथ एनेलाइजर के साथ मौजूद रहेंगे। इस मौके पर नशे की हालत में वाहन चलाने वाले व्यक्तियों के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

### लगेगा जुमार्ना और हो सकती है जेल

**करंट क्राइम :** नए साल के स्वागत में लोग शराब का अत्यधिक सेवन करते हैं और ऐसे में सड़क हादसे होने की संभावना बढ़ जाती है। सड़क हादसों में कभी लाने और शराब पीकर लोग हुडदंग ना मचाए, इसके लिए पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद शराब के नशे में वाहन चलाने वाले लोगों पर ब्रेथ एनालाइजर के जरिए नकेल कसने का काम करेगा। साथ ही अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई है कि नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरूद्ध एमवी एक्ट में 10 हजार रुपये के जुमार्ने व छह माह के लिए जेल भी हो सकती है।

# पूर्व सांसद रमेशचंद तोमर ने कहा- पश्चिमी उत्तर प्रदेश को बनाया जाए एक अलग स्टेट

## यही होगा अटल जी की जन्म जयंती पर जनता के लिए गिफ्ट




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व सांसद रमेशचंद इन दिनों प्रदेश के बंटवारे की मांग कर रहे हैं। उन्होंने पहले भी करंट क्राइम से बातचीत में ये मुद्दा उठाया था। उन्होंने कहा था कि पूर्वांचल के नेता पश्चिम के लोगों से मुलाकात नहीं करते हैं। उन्होंने गाजियाबाद से लखनऊ दूर बताया था और अब एक बार फिर भगवा गुरुजी अपनी उसी डिमांड को लेकर आए हैं। उन्होंने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गठन की मांग की है और ये कहा है कि यदि ऐसा होता है तो पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के जन्म जयंती पर यह जनता के लिये एक गिफ्ट होगा। करंट क्राइम से बातचीत में एक बार फिर पूर्व सांसद रमेशचंद ने ये दोहराया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लोग अगर लखनऊ जाते हैं तो वहां उन्हें नेता नहीं मिलते हैं। वो अगर इलाहाबाद जाते हैं तो कोर्ट की छुट्टी मिलती है और कोर्ट की छुट्टी के बावजूद वहां के वकील मेहनताना ले लेते हैं। पूर्व सांसद रमेशचंद सीधे-सीधे कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जनता को इन सभी समस्याओं से मुक्ति दिलाने के लिये उत्तर प्रदेश का बंटवारा जरूरी है। उन्होंने कहा कि बिना पश्चिती उत्तर प्रदेश के गठन के बात नहीं बनेगी। पूर्व सांसद रमेशचंद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सीएम योगी आदित्यनाथ से यही मांग करते हैं कि अटल जी के जन्मदिन पर वो आम जनता को राहत देने वाला गिफ्ट प्रदान करें। पश्चिमी उत्तर प्रदेश का गठन होना चाहिए।

### पूर्व सांसद गुरुजी ने दिया हरियाणा-राजस्थान को जोड़कर इंद्रप्रस्थ राज्य बनाने का फॉर्मूला

पूर्व सांसद रमेशचंद चार बार सांसद रहे हैं। एक लंबा राजनीतिक अनुभव उनके पास है। सरकारें देखी है, विपक्ष देखा है और वो ये बेहतर जानते हैं कि छोटे राज्यों के गठन से जनता को क्या लाभ होता है। वो पश्चिमी उत्तर प्रदेश के गठन की मांग कर रहे हैं। पूर्व सांसद रमेशचंद ने इंद्रप्रस्थ फॉमूर्ला दिया है। करंट क्राइम से बातचीत में उन्होंने कहा कि अगर वेस्ट यूपी प्रदेश के गठन में कोई समस्या आती है तो इंद्रप्रस्थ फॉमूर्ले पर काम किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि इसके लिए कुछ हिस्सा पश्चिमी उत्तर प्रदेश का लिया जाए। कुछ हिस्सा एनसीआर से लिया जाए और हरियाणा तथा राजस्थान के कुछ हिस्सों को मिलाकर इंद्रप्रस्थ प्रदेश बनाया जाए। भगवा गुरुजी ने ये भी कहा कि अगर इंद्रप्रस्थ नाम किसी को ठीक ना लगे तो अन्य नाम रखा जा सकता है, लेकिन इस फॉमूर्ले पर काम किया जा सकता है।

### सुप्रीम कोर्ट है 40 किलो मीटर और हाईकोर्ट की दूरी 600 किमी

पूर्व सांसद रमेशचंद ने अलग राज्य के गठन की मांग की और यहां इंसाफ का मामला उठाया। उन्होंने कहा कि कई बार कई मामलों में बहुत से लोग तो एक लंबे समय तक इसलिए जेलों में सजा भोग लेते हैं क्योंकि उनके पास इलाहाबाद हाईकोर्ट में जाकर पैरवी करने लायक पैसे ही नहीं होते। पूर्व सांसद ने कहा कि अजीब विडंबना यह है कि सुप्रीम कोर्ट से हम महज 40 किमी दूर हैं और हाईकोर्ट के लिये हमें 600 किमी की दूरी तय करनी पड़ती है। ये दूरी खत्म होनी चाहिए, ये मजबूरी खत्म होनी चाहिए और समाज के हर नागरिक को इंसाफ मिले। आम जनता को राहत मिले। इसके लिए पश्चिमी उत्तर प्रदेश का गठन जरूरी है और जब अलग राज्य का गठन होगा तो अलग कोर्ट होगी और एक ही दिन में वादकारी आना जाना कर सकेंगे।

# मंडल अध्यक्षों की घोषणा पर लग गया होल्ड वाला ग्रहण

## अब खरमास के बाद आएगी मंडल अध्यक्षों की आधी लिस्ट बाहर

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा में मंडल अध्यक्षों के चुनाव हो चुके हैं। आम सहमति बन चुकी है और जिस घोषणा का इंतजार हो रहा है वो घोषणा फिलहाल ठंडे बस्ते में जाती दिखाई दे रही है। सूत्र बताते हैं कि मंडल अध्यक्षों को लेकर बड़े स्तर पर रायता फैल गया है। करंट क्राइम ने पहले ही बताया था कि मंडल अध्यक्षों की घोषणा में केंद्रीय मंत्रियों से लेकर किसी राज्य के महामहिम का भी फोन पहुंचा है। उठते सवालों के जरिये बताया था कि मंडल अध्यक्षों की ताजपोशी में कई बड़े फोन बड़े चेहरों के पास हो चुके हैं। अब ये बताया जा रहा है कि जिस लिस्ट का इंतजार हो रहा है वो लिस्ट अब कई स्थानों पर होल्ड होगी। मंडल अध्यक्षों की घोषणा पर फिलहाल ब्रेक लग गया है। अब ये लिस्ट 15 जनवरी तक बाहर आएगी। सूत्र बताते हैं कि लिस्ट के लेट होने की वजह तो सर्वसहमति और आम सहमति में फंसा पेंच है लेकिन वजह ये बताई जा रही है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के कई कार्यक्रम आ जाने के कारण इस लिस्ट को रोका गया है। बहरहाल मंडल अध्यक्षों की ये घोषणा अब 15 जनवरी के बाद ही होगी।




### एक साथ नहीं घोषित होंगे गाजियाबाद के 20 मंडल अध्यक्ष

**करंट क्राइम।** गाजियाबाद महानगर और जिले के सभी मंडलों की लिस्ट एक साथ नहीं आ रही है। हालांकि लखनऊ में सभी मंडलों के नाम शॉट लिस्ट हो चुके हैं। लेकिन सूत्र बताते हैं कि गाजियाबाद के सारे मंडल एकसाथ घोषित नहीं हो रहे हैं। यहां पर खेल कुछ ऐसा हुआ है कि कई बड़ी गारंटियां फेल हो गई है। हाईकमान तय मानकों के अनुरूप घोषणा करेगा और अब ये माना जा रहा है कि गाजियाबाद की ही 51 प्रतिशत मंडल होल्ड होने जा रहे हैं। यहां जो मंडल अध्यक्षों के नाम घोषित होंगे वो लिस्ट हाफ हो जाएगी और कहा ये भी जा रहा है कि कई नाम साफ हो सकते हैं। फिलहाल 15 जनवरी तक इंतजार करना है।

### राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा के बाद होंगे मंडल अध्यक्षों के नाम फाइनल

**करंट क्राइम।** भाजपा में यह बात सर्वविदित है कि यहां कोई भी फैसला एकल नहीं होता है। यहां फैसले सामूहिक होते हैं। निर्णय लेने के मानक तय हैं और चिंतन मंथन के बाद ही नाम फाइनल होते हैं। ऐसे में भाजपा में मंडल अध्यक्ष जैसे पद की घोषणा का कनेक्शन राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद की घोषणा से जोड़कर बताया जा रहा है। सूत्र बताते हैं कि मंडल अध्यक्षों की लिस्ट के होल्ड होने की एक वजह राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा भी है। केवल मंडलों में ही फेरबदल होना है बल्कि संगठन में व्यापक स्तर पर फेरबदल होना है। ऐसे में संगठन की पूरी टीम का आधारभूत ढांचा भी तैयार हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष की घोषणा के बाद ही मंडल अध्यक्षों के नाम फाइनल होंगे। माना ये भी जा रहा है कि तब तक महानगर अध्यक्ष का भी नाम फाइनल हो जाएगा। मंडल अध्यक्षों की लिस्ट होल्ड होने की संभावना की एक वजह यह भी बताई जा रही है।

### 49 प्रतिशत नाम घोषित हो सकते हैं 31 दिसंबर तक और 51 प्रतिशत तक हो जाएंगे होल्ड

**करंट क्राइम।** मंडल अध्यक्षों को लेकर जोरशोर से चुनाव की घोषणा की गई। इसके लिए बाकायदा चुनाव अधिकारी भी बनाए गए, मंडल प्रभारी भी लगे और सर्वसहमति का नारा भी दिया गया। दावेदारों ने आवेदन भी किये औरप चुनाव अधिकारियों ने ये सभी आवेदन लेकर लखनऊ भेज दिये। दावेदारी पर ब्रेक लगा है और सूत्र बताते हैं कि सीन में हाफ-हाफ वाला ट्विस्ट भी आएगा। सूत्र बताते हैं कि 31 दिसंबर तक 49 प्रतिशत मंडल अध्यक्षों की लिस्ट घोषित हो जाएगी और 51 प्रतिशत नाम होल्ड हो जाएंगे। सूत्र बता रहे हैं कि बड़े स्तर पर असहमति का रायता फैल गया है और यहां कई मानकों का पेंच फंस गया है। कहीं किसी बड़े नाम ने वीटो लगा दी है तो कहीं किसी नाम पर ऐज फैक्टर का बेरियर लग गया है। कहीं शिकायतें चुनाव के दौरान भीतरघात की पहुंची है तो कहीं बगावती तेवर वाले को फेवर देने का आरोप लगा है। किसी की सक्रियता पर सवाल उठा है और सूत्र बताते हैं कि यहां शिकायत करने वालों ने भी पूरे सबूतों के साथ दस्तावेज पहुंचा दिये हैं और ये एक वजह है कि मंडल अध्यक्षों की घोषणा पर ब्रेक लग गया है।

# पुलिस सिपाही भर्ती फिजिकल टेस्ट दो दिन में 285 का हुआ परीक्षण

## पहले दिन उपस्थित हुए 139 अभ्यर्थी और दूसरे दिन 146 रहे मौजूद

### बारिश के बीच भी चला अभ्यार्थियों का टेस्ट

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाहियों की भर्ती के लिए फिजिकल टेस्ट और नापतोल चल रही है। गुरुवार से पूरे प्रदेश के 75 जिलों की पुलिस लाइन में यह टेस्ट शुरू हुआ है। जिसके तहत पहले दिन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद जनपद में डेढ़ सौ अभ्यर्थियों में कुल 139 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। वहीं 11 अनुपस्थित रहे। जिसमें से 137 का सफल परीक्षण हुआ, तो दो असफल रहे हैं। वहीं दूसरे दिन पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में डेढ़ सौ आवंटित अभ्यर्थी की संख्या रही। जिसमें से 146 उपस्थित और चार अनुपस्थित रहे।

जिसमें 145 सफल और एक असफल हुआ है। बताया जा रहा है कि पुलिस लाइन गाजियाबाद में बड़ी संख्या में उपस्थित अधिकारियों की मौजदूगी में पुलिस का यह टेस्ट हो रहा है।





### पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों की देखरेख में हो रहा है टेस्ट

**करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में सिपाहियों का फिजिकल टेस्ट और परीक्षण चल रहा है। इसमें पुलिस के डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार सिंह नोडल अधिकारी के रूप में हैं। तो वही कई एसीपी और एडिशनलडीसीपी बिस्तर के अधिकारी भी इसमें मौजूद रहते हैं। वहीं प्रशासन की ओर से एडीएम, एसडीएम स्तर के अधिकारी भी यहां परीक्षा को निष्पक्ष रूप से आयोजित कराने के लिए देख रहे हैं। सुबह से लेकर शाम तक अधिकारियों की देखरेख में पुलिस सिपाही परीक्षा का टेस्ट चल रहा है।

### बारिश के बीच भी पहुंचे महिला और पुरुष अभ्यर्थी

**करंट क्राइम :** पुलिस सिपाहियों की फिजिकल और अन्य टेस्ट की प्रक्रिया चल रही है। शुक्रवार को सुबह से ही गाजियाबाद और आसपास के इलाकों में बारिश हो रही थी, इसके बावजूद अभ्यर्थियों के जोश और जज्बे में किसी प्रकार की कमी देखने को नहीं मिली। 150 में 146 अभ्यर्थी उपस्थित रहे, केवल चार ही अभ्यर्थी नहीं पहुंच पाए हैं। बताया जा रहा है कि दो दिन में कुल 285 अभ्यर्थियों ने अपना फिजिकल टेस्ट और परीक्षण कराया है जबकि कुल 15 अभ्यर्थी दो दिन में अनुपस्थित हुए हैं। बता दें की प्रतिदिन डेढ़ सौ अभ्यर्थियों को समय दिया जा रहा है।

## संपादकीय

# अनुशासन की चिंता

कोई भी समाज संयम, सहिष्णुता और सद्भावना से ही सशक्त होता है। अगर कभी समाज इन लोकतांत्रिक भावनाओं के प्रतिकूल चलने लगता है, तो न केवल हिंसा की आशंका बढ़ जाती है, बल्कि समाज में भय का माहौल बन जाता है। वाकई संयम का ही अभाव था कि दिल्ली में सड़क पर रास्ता देने-न देने का एक मामला फिर जानलेवा हो गया। दशहरा मेले से लौट रहे दो भाइयों पर तीन अपराधियों ने ऐसे हमला बोल दिया कि एक भाई की मौत हो गई। क्या सड़क पर हुए इस विवाद को सद्भावना के साथ सुलझाया जा सकता था? क्या हम सड़क पर या समाज में संयम खोने लगे हैं? क्या हमारे मन में नाना प्रकार की कुंठाएं भरती चली जा रही हैं? क्या परस्पर ईर्ष्या ने हमें क्रोधी बना दिया है? एक बदलाव पर गौर करने की जरूरत है, पहले के दौर में अक्सर लोग कहते थे कि सहना सीखो, मिल-जुलकर रहना सीखो। गांधीजी के हवाले से भी अक्सर कहा जाता था कि कोई एक गाल पर थप्पड़ मारे, तो दूसरा आगे कर दो। अब जब शांति-अहिंसा के दर्शन को भुलाया जा रहा है, तब सड़क हो या समाज, लोग ईंट का जवाब पत्थर से देने को लालायित हैं। प्रतिमा विसर्जन के समय उत्तर प्रदेश के बहराइच में जो हुआ या झारखंड के गढ़वा में जो हुआ, उसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। शायद हर समुदाय यह मानने लगा है कि पूरे समाज या देश को उसके हिसाब से चलना चाहिए, अगर देश या समाज उसके हिसाब से नहीं चलेगा, तो वे कानून हाथ में ले लेंगे। किसी शोभायात्रा पर पत्थर फेंकने की घटना सामान्य नहीं है, ध्यान दीजिए, नफरत के ये पत्थर कोई एक दिन में जमा नहीं हुए हैं। कई लोग बदला लेने या अपनी मनमानी चलाने के लिए भरे बैठे हैं, उन्हें कोई भी बार-बार याद नहीं दिला रहा है कि सद्भाव के साथ रहना ही समझदारी है। ऐसे लोग जगह-जगह हैं, तभी तो शोभायात्राओं पर जगह-जगह हमले हुए हैं। इसका एक दूसरा पहलू भी है, शोभायात्रा निकालने की अपनी शोभा है। शोभनीय ढंग से अगर ऐसा किया जाए, तो शायद ज्यादा समस्या नहीं होगी। उग्रता, हुड़दंग, अभद्र शोर, भड़काऊ नारेबाजी से क्या किसी यात्रा की शोभा बढ़ सकती है? हां, अगर कोई शोभनीय और आधिकारिक रूप से स्वीकार्य यात्रा पर आपत्ति करता है, तो यह किसी अपराध से कम नहीं है। धार्मिक आचरण की आदर्श स्थिति है कि आपके व्यवहार से किसी को तकलीफ न होने पाए। तकलीफ पहुंचाना अधर्म है। वैसे, ईमानदारी से यह भी देखना चाहिए कि लोग संयम, सहिष्णुता त्यागकर आखिर क्यों कानून अपने हाथ में लेने लगे हैं? किसी यात्रा का अशोभनीय होना और किसी शोभा यात्रा को निशाना बनाया जाना, दोनों ही स्थितियों में कानून-व्यवस्था की कमी जिम्मेदार होती है। पुलिस को ऐसी शिकायतों पर कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। हर समुदाय में शासन-प्रशासन की मजबूत पकड़ होनी चाहिए। अगर किसी क्षेत्र में कानून-व्यवस्था प्रभावित हो रही है, तो इसका मतलब यह भी है कि वहां के जन-प्रतिनिधि भी समाज में पलते विवादों को सुलझाने में नाकाम हो रहे हैं।

# आरबीआई गवर्नर बोले: आर्थिक सुधारों के वास्तुकार रहे मनमोहन सिंह

**नई दिल्ली।** भारत के आर्थिक सुधारों के वास्तुकार के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने योगदान से अमिट छाप छोड़ी है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि देते हुए यह बात कही। पूर्व आरबीआई गवर्नर रघुराम राजन ने भी पूर्व पीएम को याद करते हुए दूरदर्शी व ईमानदार बताया। भारत के आर्थिक सुधारों के वास्तुकार के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह ने अपने योगदान से अमिट छाप छोड़ी है। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने शुक्रवार को पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि देते हुए यह बात कही। पूर्व प्रधानमंत्री और वित्त मंत्री सिंह 1982 से 1985 के बीच आरबीआई के गवर्नर भी रहे। मल्होत्रा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह, एक दूरदर्शी अर्थशास्त्री और आरबीआई के पूर्व गवर्नर के



निधन पर मुझे गहरा दुख हुआ है। भारत के आर्थिक सुधारों के निमार्ता के रूप में उनके योगदान ने एक अमिट छाप छोड़ी है। आरबीआई इस बड़े शोक में राष्ट्र के साथ शामिल है। भारत के आर्थिक सुधारों के निमार्ता सिंह का गुरुवार रात 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। जब 1991 में सिंह ने वित्त मंत्रालय की बागडोर संभाली, तब भारत का राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 8.5 प्रतिशत के करीब था, भुगतान संतुलन घाटा बहुत बड़ा था और चालू खाता घाटा सकल घरेलू उत्पाद के 3.5 प्रतिशत के करीब था। हालात को बदतर बनाने के लिए विदेशी मुद्रा भंडार केवल दो सप्ताह के आयात के भुगतान के लिए ही पर्याप्त था, जो दशार्ता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था गहरे संकट में थी। ऐसे मौके पर सिंह की ओर से प्रस्तुत केन्द्रीय बजट 1991-92 के बाद नए आर्थिक युग की शुरूआत हुई। यह स्वतंत्र भारत के आर्थिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ था, जिसमें साहसिक आर्थिक सुधार हुए, लाइसेंस राज का उन्मूलन हुआ और कई क्षेत्रों को निजी और विदेशी खिलाड़ियों के लिए खोला गया ताकि पूंजी का प्रवाह हो सके। सिंह लगातार दो कार्यकालों 2004-09 और 2009-14 तक देश के प्रधानमंत्री रहे। उनके परिवार में पत्नी गुरशरण कौर और तीन बेटियां हैं। उन्होंने पीटीआई-भाषा से कहा, वह एक प्रतिभाशाली अर्थशास्त्री थे, जिनके पास भारत के भविष्य के बारे में एक महान दृष्टिकोण था।

### मनमोहन सिंह एक दूरदर्शी और ईमानदार अर्थशास्त्री थे: रघुराम राजन

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर रघुराम राजन ने शुक्रवार को कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह एक प्रतिभाशाली अर्थशास्त्री थे, जिनके पास भारत की संभावनाओं के बारे में दूरदर्शी दृष्टिकोण के साथ-साथ राजनीतिक व्यवहार्यता की अच्छी समझ भी थी। राजन ने सिंह को विनम्र और मृदुभाषी बताया, जिनके गुणों के कारण वे मोंटेक सिंह अहलूवालिया, रंगराजन और राकेश मोहन जैसे प्रतिभाशाली लोगों को अपनी टीम में शामिल करने में सक्षम हुए।

# रुपये में डॉलर के मुकाबले एक दिन की सबसे बड़ी गिरावट



**नई दिल्ली।** अमेरिकी मुद्रा के मजबूत होने और विदेशी पूंजी के निरंतर बाहर जाने के कारण शुक्रवार को शुरूआती कारोबार में रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 46 पैसे टूटकर नए ऑल टाइम लो 85.73 रुपये पर पहुंच गया। यह रुपये में एक दिन की सबसे बड़ी गिरावअ है। विश्लेषकों के अनुसार, महीने के अंत और साल के अंत में भुगतान दायित्वों के लिए आयातकों की ओर से डॉलर की बढ़ती मांग के बीच डॉलर की मजबूती के कारण स्थानीय इकाई पर दबाव पड़ा। हालांकि, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में नरमी और घरेलू इक्विटी बाजारों से सकारात्मक संकेतों ने भारतीय इकाई में गिरावट को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया कमजोर रुख के साथ 85.31 पर खुला और जल्द ही गिरकर 85.35 के अपने सर्वकालिक निम्नतम स्तर पर पहुंच गया, जो पिछले बंद स्तर से 8 पैसे की गिरावट थी। रुपया गुरुवार को डॉलर के मुकाबले 12 पैसे टूटकर 85.27 के अपने रिकॉर्ड निचले स्तर पर आ गया। इससे पहले दो कारोबारी सत्रों में इसमें 13 पैसे की गिरावट आई थी। इस बीच, छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की ताकत को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत बढ़कर 107.93 पर कारोबार कर रहा था, जबकि अमेरिकी ट्रेजरी पर प्राप्ति बढ़ रही थी तथा 10 वर्षीय बांड 4.50 प्रतिशत के आसपास था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा कारोबार में 0.07 प्रतिशत बढ़कर 73.31 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। घरेलू शेयर बाजार में 30 शेयरों वाला प्रमुख सूचकांक सेंसेक्स 207.16 अंक यानी 0.26 प्रतिशत बढ़कर 78,679.64 अंक पर कारोबार कर रहा था।

# अदाणी पोर्ट्स ने कोचीन शिपयार्ड को 8 टग के लिए 450 करोड़ रुपये मूल्य का सबसे बड़ा ऑर्डर दिया

**अहमदाबाद।** अदाणी पोर्ट्स एंड स्पेशल इकोनॉमिक जोन लिमिटेड (एपीएसईजेड) ने शुक्रवार को आठ अत्याधुनिक हार्बर टग की खरीद की घोषणा की, जिसकी कुल कॉन्ट्रैक्ट वैल्यू 450 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। टग निर्माण कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड द्वारा किया जाएगा। अदाणी ग्रुप की प्रमुख कंपनी ने एक बयान में कहा कि इन टग की डिलीवरी दिसंबर 2026 में होने की उम्मीद है और मई 2028 तक जारी रहेगी, जिससे भारतीय बंदरगाहों में वेसल ऑपरेशन की दक्षता और सुरक्षा में सुधार होगा। एपीएसईजेड के पूर्णकालिक निदेशक और सीईओ अश्विनी गुप्ता ने कहा, कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड से खरीद के लिए यह सहयोग भारत में समुद्री बुनियादी ढांचे को बढ़ाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता और हमारे देश के पीएसयू में हमारे विश्वास को दशार्ता है। गुप्ता ने कहा, विश्व स्तरीय लोकल मैन्युफैक्चरिंग क्षमताओं का लाभ उठाकर, हमारा लक्ष्य 'मेक इन इंडिया' पहल में योगदान देना है। साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि हमारे संचालन सुरक्षा और दक्षता के अंतरराष्ट्रीय मानकों को पूरा करें। इससे पहले, एपीएसईजेड ने ओशन स्पार्कल लिमिटेड के लिए कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड को दो, 62-टन बोलार्ड पुल एएसडी (अजीमुथिंग स्टर्न ड्राइव) टग के निर्माण का ठेका दिया था, जिनमें से दोनों को समय से पहले वितरित किया गया और पारादीप पोर्ट और न्यू मैंगलोर पोर्ट पर तैनात किया गया। कंपनी ने बताया



कि तीन अतिरिक्त एएसडी टग का निर्माण कार्य चल रहा है, जिससे कुल ऑर्डर 13 टग का हो गया है। भारत की सबसे बड़ी इंटीग्रेटेड ट्रांसपोर्ट यूटिलिटी कंपनी के अनुसार, यह पहल जहाज निर्माण में सस्टेनेबल प्रैक्टिस के महत्व को रेखांकित करती है और भारत के आर्थिक विकास में समुद्री उद्योग के रणनीतिक महत्व को दशार्ती है। अदाणी पोर्ट्स भारत में सबसे बड़ा बंदरगाह डेवलपर और ऑपरेटर है, जिसके पश्चिमी तट पर 7 रणनीतिक रूप से लोकेटेड पोर्ट्स और टर्मिनल हैं।

# शेयर बाजार हरे निशान में बंद, कारोबार के अंत में सेंसेक्स 78,699 स्तर पर पहुंचा

**मुंबई।** घरेलू बेंचमार्क सूचकांक शुक्रवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। कारोबार के अंत में निफ्टी पर फार्मा, ऑटो, आईटी, फाइनेंशियल सर्विस, एफएमसीजी, मीडिया और प्राइवेट बैंक सेक्टरों में खरीदारी देखी गई। सेंसेक्स 226.59 अंक या 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 78,699.07 पर बंद हुआ और निफ्टी 63.20 अंक या 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,813.40 पर बंद हुआ। निफ्टी बैंक 140.60 अंक या 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 51,311.30 पर बंद हुआ। निफ्टी मिडकैप 100 इंडेक्स 145.90 अंक या 0.26 प्रतिशत की गिरावट के साथ 56,979.80 पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स 27.20 अंक या 0.15 प्रतिशत की बढ़त के साथ 18,755.85 पर बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) पर 1,946 शेयर हरे और 2,026 शेयर लाल निशान में बंद हुए, जबकि 115 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। बाजार के जानकारों के अनुसार, क्रिसमस सप्ताह का कारोबार सुस्त नोट पर समाप्त हुआ। प्रमुख ट्रिगर्स की कमी और अमेरिकी रिपब्लिकन पार्टी प्रशासन के शपथ ग्रहण से पहले सतर्कता ने धारणा को प्रभावित करना जारी रखा। जानकारों ने आगे कहा, रुपया फेड दरों में कम



कटौती, बढ़ते व्यापार घाटे और कमजोर आर्थिक विकास की उम्मीद से नीचे गिरकर नए निचले स्तर पर आ गया। सेक्टोरल फ्रंट में निफ्टी पर पीएसयू बैंक, मेटल, रियलिटी, एनर्जी, इन्फ्रा और कमोडिटीज सेक्टर में बिकवाली देखी गई। सेंसेक्स पैक में एमएंडएम, इंडसइंड बैंक, टाटा मोटर्स, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, सनफार्मा, नेस्ले इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक और एशियन पेंट्स टॉप गेनर्स थे। वहीं, एसबीआई, टाटा स्टील, जोमैटो, अल्ट्राटेक सीमेंट, एचसीएल टेक, एलएंडटी, टाइटन, टीसीएस और पावर ग्रिड टॉप लूजर्स थे। भारतीय रुपया 85.54 प्रति डॉलर के नए निचले स्तर पर बंद हुआ। भारतीय मुद्रा का पिछला बंद भाव 85.26 था। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने 26 दिसंबर को 2,376.67 करोड़ रुपये के शेयर बेचे, जबकि घरेलू संस्थागत निवेशकों ने उसी दिन 3,336.16 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## रोचक तथ्यों का करंट

- एनबीसी और एटी एंड टी ने कारपोरेट और सरकारी धमकियों का इस्तेमाल एफएम रेडियो के आविष्कारक एडविन आर्मस्ट्रांग के जीवन को नष्ट करने के लिए किया, जिससे उनको आत्महत्या करनी पड़ी।
- लियो फेंडर, टेलीकास्टर और स्ट्रैटेकास्टर के आविष्कारक, गिटार नहीं बजा सकते थे।
- रॉबर्ट टेलर, साबुन-में-एक-पंप-बोतल (सोफ्टसओप) के आविष्कारक को पता था कि कोलगेट जैसे बड़े प्रतियोगियों अपने उत्पाद की प्रतिलिपि करने का प्रयास करेंगे। यह सुनिश्चित करने के लिए कि वे उसे प्रतिलिपि नहीं कर सके, उन्होंने अमेरिका में हर छोटी बोतल हाथ पंप (100 मिलियन बोतलों) खरीदा।
- एडिसन ने साल 1 9 03 में एक हाथी को बिजली का झटका दे दिया था ताकि टेस्ला के एसी करंट को खतरनाक साबित कर सके।
- बबल व्रैप के, अल्फ्रेड फील्डिंग और मार्क चावेंस आविष्कारक मूल रूप से 3 डी प्लास्टिक वॉलपेपर बनाने की कोशिश कर रहे थे, जो कि उनकी विफलता थी।

## राशिफल

**मेष:** आराम व मनोरंजन के साधनों पर व्यय होगा। वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्ति के योग हैं। राजकीय बाधा दूर होकर लाभ की स्थिति बनेगी।

**वृष:** जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। भेंट व उपहार पर व्यय हो सकता है। किसी मामले की चिंता रह सकती है।

**मिथुन:** शारीरिक कष्ट की आशंका है। कार्य में विघ्न हो सकता है। वाणी पर नियंत्रण रखें। परीक्षा व साक्षात्कार इत्यादि में सफलता प्राप्त होगी।

**कर्क:** पुराना रोग उभर सकता है। अपेक्षित कार्यों में विलंब होने से तनाव रहेगा। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है, सावधानी रखें।

**सिंह:** व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है। खान-पान का ध्यान रखें। प्रयास सफल रहेंगे। कार्यसिद्धि से प्रसन्नता रहेगी। राजमान के योग हैं।

**कन्या:** प्रतिद्वंद्विता में वृद्धि होगी। कार्यक्षेत्र में परेशानी हो सकती है। मन तथा शरीर में थकान महसूस होगी। घर में अतिथियों का आगमन होगा। व्यय होगा।

**तुला:** कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ रहेगा। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। धन प्राप्ति व रोजगार में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक:** किसी मद में बड़ा खर्च हो सकता है। आर्थिक? स्थिति कमजोर हो सकती है। किसी के उकसाने में न आएं। महत्वपूर्ण निर्णय सोच-समझकर करें।

**धनु:** आशंका-कुशंका के चलते निर्णय लेने की क्षमता कम होगी। थकान रह सकती है। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे।

**मकर:** लोगों की सहायता करने का अवसर प्राप्त होगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। बिगड़े काम बनेंगे। उत्साह व प्रसन्नता से कार्य कर पाएंगे।

**कुंभ:** किसी धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लेने का अवसर मिल सकता है। आत्मिक शांति रहेगी। किसी विवाद में विजय प्राप्त होगी। धन प्राप्ति सुगम होगी।

**मीन:** वाहन, मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में सावधानी रखें। विशेषकर युवा वर्ग लापरवाही न करें। भागदौड़ अधिक होगी।

## चुटकुले

भिखारी - दे दे बाबा...
संता - नहीं है, मेरे पास कुछ नहीं है...!
भिखारी - पांच रुपये का सवाल है बाबा...
संता - हां पूछो, क्या पता मुझे आता हो...!
भिखारी बेहोश...

---

पप्पू अपनी गर्लफ्रेंड को लेकर होटल डिनर कराने गया...
पप्पू - बोलो बेबी, क्या मंगाऊं...?
गर्लफ्रेंड - मेरे लिए तो पिज्जा मंगा लो और अपने लिए एंबुलेंस...!
पप्पू - अरे एंबुलेंस क्यों...?
गर्लफ्रेंड - पीछे देखो तुम्हारी बीवी खड़ी है...!

---

लड़की (अकड़ दिखाते हुए) -
लोग मरते हैं मुझ पर...!
पप्पू - क्यों, तुम किसी अस्पताल का बिस्तर हो क्या...?

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।

संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# खराब प्रदर्शन कर रहे सिराज को टीम से बाहर किया जाए : गावस्कर

**मेलबर्न ।** दिग्गज बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने खराब प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की बेहद ईमानदार समीक्षा की और मौजूदा बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी सीरीज में लगातार खराब प्रदर्शन के बाद बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को भारतीय टीम से बाहर करने की मांग की।

सिराज, जो 2021 बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज जीत में अहम भूमिका निभाए थे, मौजूदा सीरीज में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं, उन्होंने सात पारियों में 13 विकेट लिए हैं और नई गेंद से भी उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है, जिससे जसप्रीत बुमराह के कंधों पर अतिरिक्त बोझ पड़ा है।

गावस्कर का मानना है कि दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज को आराम देने के बजाय यह बताया जाना चाहिए कि उन्हें टीम से बाहर किया जा रहा है। ₹मुझे लगता है कि सिराज को शायद थोड़े आराम की जरूरत है। इस मायने में, मैं आराम की बात नहीं कर रहा हूँ, उन्हें यह बताया जाना चाहिए कि उन्हें खराब प्रदर्शन के कारण टीम से बाहर रखा गया है। ऐसी स्थिति होनी चाहिए जहां आप इधर-उधर की बातें न कर सकें।

गावस्कर ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, ₹आपको पूरी ईमानदारी से कहना चाहिए कि 'देखो, तुम्हारा प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है, इसलिए तुम्हें टीम से बाहर किया जा रहा है।' जब आप 'आराम' के बारे में बात करना शुरू करते हैं, तो खिलाड़ियों के दिमाग में गलत विचार आते हैं। उन्हें लगता है कि उन्हें अपने खेल को बेहतर बनाने की जरूरत नहीं है।''

सिराज ने सीरीज में किसी फ्रंटलाइन पेसर द्वारा प्रति ओवर सबसे ज्यादा रन देने की अनचाही सूची में भी शीर्ष स्थान हासिल किया है, वर्तमान में उनका औसत 4.07 रन प्रति ओवर है। वह चल रहे बॉक्सिंग डे टेस्ट मैच में अपने खेल से पूरी तरह से बाहर रहे और पहली पारी में 23 ओवर में 122 रन दिए और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला।

गावस्कर ने शुरूआती दो टेस्ट में खेलने वाले हर्षित राणा की वापसी या सिडनी में पांचवें और अंतिम टेस्ट के लिए प्रसिद्ध कृष्णा को प्लेइंग इलेवन में शामिल करने की बात कही है।

लेकिन मुझे लगता है कि सिराज को यह बताने की जरूरत है कि 'देखिए, आप मददगार पिचों पर उतनी अच्छी गेंदबाजी नहीं कर रहे हैं, जितनी हमने उम्मीद की थी।' उन्होंने कहा, ''यह कुछ ऐसा है जो उन्हें बताने की जरूरत है। अगर आप दो बदलाव करना चाहते हैं। जसप्रीत बुमराह का साथ देने के लिए प्रसिद्ध कृष्णा और हर्षित राणा। हर हाल में ऐसा करें।''




# सचिन तेंदुलकर ने मेलबर्न क्रिकेट क्लब की मानद सदस्यता स्वीकार की



**मेलबर्न ।** मेलबर्न क्रिकेट क्लब (एमसीसी) ने घोषणा की है कि भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर ने इसकी मानद क्रिकेट सदस्यता स्वीकार कर ली है। एमसीसी की स्थापना 1838 में हुई थी और यह ऑस्ट्रेलिया के सबसे पुराने खेल क्लबों में से एक है।

वे प्रतिष्ठित मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड (एमसीजी) के प्रबंधन और विकास के लिए भी जिम्मेदार हैं, जो वर्तमान में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच पारंपरिक बॉक्सिंग डे टेस्ट की मेजबानी कर रहा है।

एमसीसी ने शुक्रवार को अपने एक्स अकाउंट पर कहा, ₹एक आइकन को सम्मानित किया गया। एमसीसी को यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि पूर्व भारतीय कप्तान सचिन तेंदुलकर ने खेल में उनके उत्कृष्ट योगदान को स्वीकार करते हुए मानद क्रिकेट सदस्यता स्वीकार कर ली है।₹ तेंदुलकर को खेल के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक माना जाता है, उनका अंतरराष्ट्रीय करियर 1989 से 2013 तक चला। उन्होंने भारत के लिए 664 मैचों में 34,357 रन बनाते हुए 100 अंतरराष्ट्रीय शतक लगाए और 2011 वनडे विश्व कप जीतने वाली टीम के सदस्य थे।

भारत की कप्तानी करने वाले तेंदुलकर ने मेलबर्न में भारत के लिए पांच टेस्ट और सात वनडे खेले, जिसमें उन्होंने क्रमशः 449 और 190 रन बनाए। अब तक, वह मेलबर्न में खेले गए टेस्ट मैचों में भारत के अग्रणी रन स्कोरर हैं, जिसमें उनके नाम एक शतक और तीन अर्द्धशतक हैं।

# हैदराबाद एफसी के खिलाफ जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी ईस्ट बंगाल एफसी

**हैदराबाद ।** ईस्ट बंगाल एफसी शनिवार को जीएमसी बालयोगी एथलेटिक स्टेडियम में शाम 5:00 बजे खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में मेजबान हैदराबाद एफसी से भिड़ेगी, तो रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड का लक्ष्य मेजबान टीम पर अपने हालिया दबदबे को जारी रखना होगा।



रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड ने सीजन 2023-24 में हैदराबाद एफसी के खिलाफ अपने पिछले दो आईएसएल मैच जीतकर लीग डबल पूरा किया और पिछले पांच मैचों में चार जीते हैं। ईस्ट बंगाल एफसी 12 मैचों में चार जीत, एक ड्रा और सात हार से 13 अंक लेकर तालिका में 11वें स्थान पर है। वहीं, हैदराबाद एफसी पिछले पांच मैचों में लगातार हार रही है। हैदराबाद एफसी 12 मैचों में दो जीत, एक ड्रा और नौ हार से सात अंक लेकर तालिका में 12वें स्थान पर है।

## हैदराबाद एफसी की रक्षात्मक लड़खड़ाहट

गोल खाने की समस्याः हैदराबाद एफसी ने इस सीजन में 12 मैचों में 25 गोल खाए हैं। उन्होंने अपने पिछले पांच मैचों में ही 15 गोल खाए हैं और इस दौरान ओडिशा एफसी के खिलाफ 0-6 और नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के खिलाफ 2-5 से हारी है।

साजी की मजबूतीः डिफेंसिव खामियों के बावजूद, एलेक्स साजी ने लगातार अच्छा प्रदर्शन करके प्रति मैच औसतन 5.8 क्लीयरेंस किए हैं। ईस्ट बंगाल एफसी की फॉर्म जीत की लयः ईस्ट बंगाल पहली बार जीत की हैट्रिक के करीब है, क्योंकि उसने पिछले दो मैचों में पंजाब एफसी (4-2) और जमशेदपुर एफसी (1-0) को हराया है। क्लीन शीट चुनौतीः रेड एंड गोल्ड ब्रिगेड आईएसएल में पहली बार लगातार अवे मैचों में क्लीन शीट पाने की कोशिश करेगी। उसने अपने पिछले अवे मैच (चेन्नइयन एफसी के खिलाफ 2-0) में क्लीन शीट रखी थी। आमने-सामने आईएसएल में इन दोनों टीमों के बीच हुए आठ मुकाबलों में हैदराबाद एफसी ने चार मैच जीते हैं, जबकि ईस्ट बंगाल एफसी दो बार जीती है।

# दीप्ति के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत भारत ने वेस्टइंडीज को क्लीन स्वीप किया




**वडोदरा ।** ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को कोटांबी स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच विकेट की जीत के साथ वनडे सीरीज में 3-0 से जीत दिलाई।

उनके छह विकेट लेने और फिर शांत और नाबाद 39 रन बनाने की बदौलत भारत ने बादलों से घिरे आसमान में चुनौतीपूर्ण मैदान पर पांच विकेट से जीत दर्ज की।

पहले बल्लेबाजी करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम 162 रन पर सिमट गई। पहले ही ओवर में रेणुका सिंह ने डबल स्ट्राइक के साथ लय हासिल कर ली। कियाना जोसेफ एक हल्की टिकल पर विकेट के पीछे कैच आउट हो गईं और चार गेंद बाद ही फॉर्म में चल रही हेली मैथ्यूज शानदार इन-डकर का शिकार बन गईं।

पांचवें ओवर में डिएंड्रा डॉटिन की पारी का अंत हुआ, जब रेणुका ने अपना तीसरा विकेट लिया, जिससे मेहमान टीम का स्कोर 9/3 हो गया।

रेणुका ने चार विकेट लिए, और शीर्ष क्रम को सटीकता से ढेर कर दिया। लेकिन दीप्ति शर्मा के 6/31 के आंकड़े ने मध्य और निचले क्रम को तहस-नहस कर दिया, जिससे सुनिश्चित हो गया कि वेस्टइंडीज अपनी खराब शुरूआत से कभी उबर नहीं पाए। इस बीच, चिनेल हेनरी और शेमेन कैम्पबेल ने चौथे विकेट के लिए 91 रनों की साझेदारी करके उम्मीद की किरण जगाई।

# वेदांता कलिंगा लांसर्स ने एरन जालेवस्की को अपना कप्तान घोषित किया

**राउरकेला।** वेदांता कलिंगा लांसर्स ने टोक्यो ओलंपिक के रजत पदक विजेता और तीन बार के ओलंपियन एरन जालेवस्की को अपना कप्तान घोषित किया है। कूकाबुरास के पूर्व सह-कप्तान के पास काफी अनुभव है, उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई हॉकी टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई है। हाल ही में सेवानिवृत्त हुए ऑस्ट्रेलियाई कप्तान 30 दिसंबर को यूपी रुद्र के खिलाफ हीरो हॉकी लीग में अपने पहले मैच की तैयारी के लिए तुरंत प्रभाव से टीम की कमान की असाधारण महारत अपने आप में बोलती है, और 2018 में ऑस्ट्रेलियाई टीम के सह-कप्तान बनने के बाद से उनका नेतृत्व प्रेरणादायक रहा है। जबकि हमारी टीम में अनुभव और अविश्वसनीय क्षमता का खजाना है, हमारा मानना है कि एरन इस प्रतिभाशाली समूह का नेतृत्व करने के लिए एकदम उपयुक्त हैं क्योंकि हम हॉकी में ओडिशा की गौरवशाली विरासत को आगे बढ़ाना चाहते हैं और खिताब जीतने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।




संभालेंगे।

वेदांता के स्वामित्व वाली कलिंगा लांसर्स में थिएरी ब्रिंकमैन और अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स जैसे अनुभवी खिलाड़ियों के साथ-साथ कृष्ण पाठक, रोसन कुजूर और संजय जैसी उभरती हुई भारतीय प्रतिभाओं का शानदार संयोजन है। टीम को जर्मन उस्ताद वैलेंटिन अल्टेनबर्ग द्वारा प्रशिक्षित किया जाएगा।

अपने कप्तान की घोषणा करते हुए वेदांता कलिंगा लांसर्स के कोच वैलेंटिन एल्टेनबर्ग ने कहा, ह्लसुपरस्टार और स्वाभाविक लीडर्स से भरी टीम के साथ, कप्तान का चयन करना एक चुनौती है जिसे कोई भी कोच लेना पसंद करेगा। खेल में एरन

एरन ने कलिंगा लांसर्स के कप्तान की भूमिका निभाने पर अपनी खुशी व्यक्त की, ह्लटीम ने मुझे जो अवसर दिया है, उसके लिए मैं वास्तव में आभारी हूं। हमारे पास प्रतिभा का एक अविश्वसनीय मिश्रण है, और थिएरी, कृष्ण, संजय और युवा खिलाड़ियों जैसे खिलाड़ियों के साथ ड्रेसिंग रूम साझा करना सम्मान की बात है। भुवनेश्वर की टीम का प्रतिनिधित्व करना बहुत गर्व की बात है, खासकर इसलिए क्योंकि ओडिशा भारत में हॉकी की धड़कन है। हम सभी मैदान पर जिम्मेदारी लेने और प्रशंसकों और इस महान राज्य की विरासत के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए उत्सुक और तैयार हैं।

# एचआईएल : हरमनप्रीत को सूरमा हॉकी क्लब का कप्तान बनाया गया

**राउरकेला ।** सूरमा हॉकी क्लब ने 28 दिसंबर से राउरकेला में शुरू होने वाले हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के आगामी सीजन के लिए दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता हरमनप्रीत सिंह को कप्तान घोषित किया है।

दिग्गज ड्रैग-फ्लिकर ने कहा, ₹मैं इस अविश्वसनीय टीम का नेतृत्व करने और ऐसे क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने के लिए उत्सुक हूं, जो मेरे दिल में एक विशेष स्थान रखता है। यह एक विशेषाधिकार और सम्मान है।

उन्होंने चंडीगढ़ के ताऊ देवी लाल स्टेडियम में सफल प्री-सीजन कैंप के बाद टीम की तैयारी और सौहार्द पर भी प्रकाश डाला। भारतीय पुरुष टीम के कप्तान ने कहा, ₹हमारे पास एक मजबूत टीम है, जो शिविर के दौरान अच्छी तरह से जुड़ी हुई है। हममें से कई लोग सालों से एक साथ खेल रहे हैं, और हमारे पास कुछ रोमांचक युवा प्रतिभाएं और अनुभवी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है - ट्रॉफी जीतना।



सूरमा हॉकी क्लब के मुख्य कोच जेरोन बार्ट ने हरमनप्रीत के नेतृत्व गुणों की प्रशंसा की।

उन्होंने कहा, ₹भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान के रूप में हरमनप्रीत का अनुभव, दबाव में उनका संयम और भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों से मिलने वाला सम्मान उन्हें टीम का नेतृत्व करने के लिए एकदम सही विकल्प बनाता है। हम उन्हें इस सीजन में टीम का मार्गदर्शन करते हुए देखने के लिए उत्साहित हैं।₹

**अर्जुन पुरस्कार विजेता और दो बार एफआईएच बेस्ट प्लेयर ऑफ द ईयर रह चुके हरमनप्रीत ने पंजाब और हरियाणा स्थित फ्रेंचाइजी का नेतृत्व करने के बारे में अपना उत्साह व्यक्त किया**

उल्लेखनीय रूप से, टीम में भारतीय सितारे विवेक सागर प्रसाद, गुरजंत सिंह, मनिंदर सिंह, सुनीत लाकड़ा और मोहित एचएस के साथ-साथ ऑस्ट्रेलियाई ड्रैग-फ्लिकर जेरेमी हेवर्ड, बेल्जियम के निकोलस पोंसलेट और विक्टर वेगनेज, ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता गोलकीपर विन्सेंट वानाश, डच स्ट्राइकर बोरिस बर्कहार्ट और अर्जेंटीना के मिडफील्डर निकोलस डेला टोरे जैसी अंतरराष्ट्रीय प्रतिभाएं शामिल हैं।

# खेल जगत ने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जताया

**नई दिल्ली ।** खेल जगत ने ₹दूरदर्शी नेता और आर्थिक परिवर्तन के निमार्तापूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जताया है।

मनमोहन सिंह का गुरुवार रात को 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्हें स्वास्थ्य में गिरावट के बाद एम्स में भर्ती कराया गया था। उनके परिवार में उनकी पत्नी गुरशरण कौर और उनकी तीन बेटियां हैं।

पूर्व प्रधानमंत्री के सम्मान और सम्मान के प्रतीक के रूप में, भारतीय महिला क्रिकेट टीम शुक्रवार को वेस्टइंडीज के खिलाफ तीसरे वनडे के दौरान काली पट्टी बांधेगी, जबकि रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने मेलबर्न में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉक्सिंग डे टेस्ट के दूसरे दिन भी हाथों में काली पट्टी बांधी।



दो बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज निखत जरीन ने पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा, ₹भारत एक दूरदर्शी नेता और आर्थिक परिवर्तन के निमार्ता डॉ. मनमोहन सिंह के निधन पर शोक व्यक्त करता है। उनकी बुद्धिमत्ता और विनम्रता को हमेशा याद रखा जाएगा। शांति से विश्राम करें।₹

पूर्व भारतीय स्पिनर हरभजन सिंह ने एक्स पर पोस्ट किया, ₹पूर्व प्रधानमंत्री, एक सज्जन व्यक्ति और एक दूरदर्शी नेता डॉ. मनमोहन सिंह जी के अचानक निधन की खबर से दुखी हूं। संकट के समय में उनका शांत और स्थिर नेतृत्व, जटिल राजनीतिक परिदृश्यों को नेविगेट करने की उनकी क्षमता और भारत की क्षमता में उनका अटूट विश्वास उन्हें सबसे अलग बनाता था।

राष्ट्र हमेशा डॉ. साहब को उनके योगदान के लिए याद रखेगा। उनके परिवार और रिश्तेदारों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएँ।

# बीसीए प्रमुख राकेश तिवारी ने विजय हजारे ट्रॉफी में दिल्ली पर बिहार की जीत को सराहा

**हैदराबाद ।** बिहार क्रिकेट एसोसिएशन (बीसीए) के अध्यक्ष राकेश तिवारी ने राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में चल रहे विजय हजारे ट्रॉफी में दिल्ली के खिलाफ शानदार जीत के लिए बिहार टीम की प्रशंसा की।

गुरुवार को बिहार ने दिल्ली को 17 रन (वीजेडी पद्धति) से हराया। पहले बल्लेबाजी करते हुए बिहार ने 42 ओवर में 210/9 रन बनाए, जिसमें बिपिन सौरभ (16 गेंदों पर 37 रन) और रघुवेंद्र प्रताप (48 गेंदों पर 52 रन) ने बनाये। बीसीए अध्यक्ष ने प्रताप और बिपिन दोनों को उनकी तेजतर्रार पारियों के लिए बधाई दी और कहा कि दिल्ली के खिलाफ जीत बिहार टीम का मनोबल बढ़ाएगी।




तिवारी ने कहा, ₹दिल्ली जैसी मजबूत टीम के खिलाफ यह जीत हमारे खिलाड़ियों की प्रतिभा और दृढ़ संकल्प को दशार्ती है। मैं प्रताप और बिपिन सौरभ को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए और पूरी टीम को टीम वर्क दिखाने के लिए हार्दिक बधाई देता हूं।

उन्होंने कहा, ₹ऐसी जीत न केवल हमारे मनोबल को बढ़ाती है बल्कि घरेलू क्रिकेट में बिहार की उपस्थिति को भी मजबूत करती है। मुझे विश्वास है कि यह आने वाली कई और जीत की शुरूआत है।211 रनों का पीछा करते हुए दिल्ली 24 ओवर में 109/5 रन ही बना पाई और खेल रोक दिया गया। नतीजतन, दिल्ली पार स्कोर से पीछे रह गई और 17 रनों से मैच हार गई। बल्ले से अर्धशतक जड़ने वाले प्रताप ने बिहार के लिए दो विकेट लिए।

रघुवेंद्र प्रताप जिन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया,ने कहा, ₹यह एक बड़ा अवसर है क्योंकि हमने दिल्ली जैसी मजबूत टीम के खिलाफ मैच जीता है।

यह बिहार टीम के मनोबल के लिए एक बड़ी जीत है, मैं अपने प्रदर्शन से बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। टीम का माहौल बहुत अच्छा है, सभी ने योजना के अनुसार खेला।''

बिपिन सौरभ ने कहा, ₹मैं बहुत खुश हूं कि बिहार ने आज अच्छा प्रदर्शन किया। हर कोई हर खिलाड़ी का समर्थन कर रहा था और टीम का माहौल सकारात्मक दिख रहा था। हमने मैच जीता और यह केवल टीम के प्रयास के कारण संभव हो सका।बिहार अब मंगलवार को उसी मैदान पर बड़ौदा से भिड़ेगा।

# नगर आयुक्त की अध्यक्षता में हुई ग्रीन म्युनिसिपल बौंड कमेटी की बैठक, वाबेग को दिये अंतिम निर्देश

## ग्रीन म्युनिसिपल बौंड प्रोजेक्ट के अंतिम चरण के कार्यों की नगर आयुक्त ने की समीक्षा, 15 दिन के भीतर कार्य पूर्ण करने के दिये निर्देश






**गाजियाबाद करंट क्राइम।** साहिबाबाद औद्योगिक क्षेत्र साइट 4 को औद्योगिक जल आपूर्ति हेतु नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक लगातार ग्रीन म्युनिसिपल बौंड प्रोजेक्ट को लेकर बैठक कर रहे हैं। बैठक में वाबेग टीम से अग्नि मोहन्ति, बौंड सलाहकार अनुराग, अधिशासी अभियंता जल कामाख्या प्रसाद आनंद, सह प्रभारी प्रकाश आश कुमार, प्रभारी उद्यान डॉ अनुज, मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी, चार्टर्ड अकाउंटेंट साहनी तथा अकाउंट विभाग से जेपी सिंह उपस्थित रहे।

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया कि कार्य अंतिम चरण पर है। रोड कटिंग तथा पाइपलाइन हेतु ब्रिज के कार्य को रफ्तार देने के लिए कहा गया है।

15 दिन के भीतर समस्त कार्य पूर्ण करते हुए प्रोजेक्ट कमेटी के समक्ष प्रस्तुत करने के लिए भी निर्देश दिए गए हैं। 15 दिन के उपरांत प्रोजेक्ट पर कमेटी द्वारा निरीक्षण किया जाएगा। कमियां पाए जाने पर मौके पर तेजी से कार्य कराए जाएंगे।

# नोएडा में 12 साल इंतजार के बाद बनेगी चिल्ला एलिवेटड

## फरवरी में शुरू होगा 5.9 किमी लंबी एलिवेटड का काम, दिल्ली को नोएडा से जोड़ेगी




### 2019 में सीएम ने रखी थी आधारशिला

2018 में दिल्ली सरकार से मंजूरी मिली। जनवरी 2019 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसकी आधारशिला रखी। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) से बजट जारी करने में देरी, गेल गैस पाइपलाइन के पुन: मार्ग और डिजाइन में बदलाव के कारण काम रोक दिया गया। कोविड-19 महामारी ने देरी को और बढ़ा दिया, जिससे परियोजना मार्च 2020 में रुक गई। अब तक केवल 13% निर्माण कार्य पूरा हुआ है। नोएडा प्राधिकरण द्वारा 79 करोड़ खर्च किए।

**नोएडा।** 12 साल के लंबे इंतजार के बाद दिल्ली को नोएडा से जोड़ने वाली चिल्ला एलिवेटड रोड पर फरवरी में काम शुरू हो जाएगा। इसके लिए जिम्मेदार कंपनी उप्र ब्रिज कार्पोरेशन लिमिटेड ने 17 दिसंबर को ठेकेदार कंपनी एमजी कंस्ट्रक्शन को कार्य अवॉर्ड किया।

जनवरी में कार्य बल और डिजाइन विवरण को अंतिम रूप देने के साथ काम शुरू किया जाएगा। 2019 में सीएम योगी आदित्यनाथ के शिलान्यास के बाद 79 करोड़ का काम हुआ था। इसे बीच में रोक दिया गया था। इससे एलिवेटड से रोजाना करीब 5 लाख वाहन चालक को फायदा होगा।

ब्रिज कार्पोरेशन के संयुक्त प्रबंध निदेशक संदीप गुप्ता ने कहा, इस महीने की शुरूआत में ठेकेदार के साथ समझौते पर हस्ताक्षर किए और 17 दिसंबर को काम अवॉर्ड कर दिया। ठेकेदार के पास निर्माण पूरा करने के लिए तीन साल का समय होगा।

दिल्ली और नोएडा के बीच यातायात भीड़ को कम करने के लिए 2012 में योजना की फिजिबिलिटी तैयार की गई थी। एलिवेटड 5.9 किमी लंबी बननी है। योजना के प्रारंभिक फेज में इसकी कुल लागत 605 करोड़ रुपए थी।

### ब्रिज कार्पोशन ने पेश किया था संशोधित बजट

अक्टूबर 2023 में ब्रिज कार्पोशन ने बढ़ती सामग्री लागत और टेंडर कास्ट का हलावा देते हुए संशोधित बजट 940 करोड़ का पेश किया। हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार ने सैद्धांतिक मंजूरी दे दी। लेकिन नोएडा प्राधिकरण और राज्य सरकार को टेंडर को अंतिम रूप देने से पहले कई बार पुनः अनुमोदन की आवश्यकता थी। जिसके बाद बजट में संशोधन किया गया और अब ये एलिवेटड कुल 892 करोड़ 75 लाख 34 हजार रुपए में बनाई जाएगी। कंपनी 7 प्रतिशत कम पर लिया टेंडर हासिल किया।

### एलिवेटड पर चढ़ने और उतरने के लिए होंगे 6 लूप

एलिवेटेड रोड पर चढ़ने-उतरने के लिए छह जगह लूप बनाए जाएंगे। दिल्ली के चिल्ला बॉर्डर की तरफ से आते समय सेक्टर-14-उद्योग मार्ग की ओर उतरने के लिए लूप बनेगा। इस लूप के दूसरी तरफ सेक्टर-15ए के पास से इस पर चढ़ने के लिए लूप बनाया जाएगा।

डीएनडी की तरफ से आने वाले एमपी वन रास्ते पर सेक्टर-16 की तरफ उतरने व सेक्टर-16ए फिल्म सिटी की तरफ चढ़ने के लिए लूप बनेगा। अगला लूप फिल्म सिटी समाप्त होने पर उतरने के लिए बनाया जाएगा। यहां से सेक्टर-18 के सामने से होते हुए एमपी टू एलिवेटेड रोड की ओर जा सेकंगे। इसी तरह जीआईपी मॉल के थोड़ा आगे जाकर चढ़ने के लिए लूप बनेगा।

# डॉ मनमोहन सिंह एक दूरदृष्टा और महान अर्थशास्त्री थे : हरीश मल्होत्रा



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** वरिष्ठ भाजपा नेता एवं समाजसेवी हरीश मल्होत्रा ने पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की और उन्होंने कहा डॉ मनमोहन सिंह एक दूरद्रष्टा और महान अर्थशास्त्री थे। भारत की प्रगति और वैश्विक प्रतिष्ठा में उनके योगदान को हमेशा याद किया जाएगा। वे भारत के आर्थिक परिवर्तन का प्रमुख वास्तुकार थे। भारत को आर्थिक रूप से मजबूत करने व उसकी प्रतिष्ठा को पूरे विश्व में फैलाने में उनका अहम योगदान रहा। डॉ मनमोहन सिंह ने प्रधानमंत्री के अलावा आरबीआई के गवर्नर व विभिन्न पदों पर कार्य किया। वह एक ऐसे बुद्धिमान विचारशील और ईमानदार नेता व अर्थशास्त्री थे जिन्होंने भारत को पूरे विश्व में सम्मान दिलाया।

# गाजियाबाद सीमा पर एनजीटी ने रुकवाया सड़क निर्माण, अब यमुना का प्रवाह रोक रहे सैंड बैग



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** नेशनल ग्रीन टिब्यूनल (एनजीटी) के नोटिस के बाद लोनी में यमुना नदी के मोड़ पर हो रहे सड़क निर्माण को रोक दिया गया। हालांकि दिल्ली और गाजियाबाद के बीच सड़क निर्माण के यमुना का बहाव रोकने के लगाई गई मिट्टी भरी बोरियों अभी जस की तस पड़ी हैं। लगता है कि इसके लिए भी एनजीटी को अलग से दिशा-निर्देश जारी करने पड़ेंगे। एनजीटी ने अपने नोटिस में सड़क के निर्माण को यमुना के नेचुरल प्रवाह में बाधा माना है। दरअसल पानी के बहाव को मोड़ने या रोकने के भयंकर परिणाम हो सकते हैं, बहाव के साथ छेड़छाड़ सीधे तौर पर प्रकृति से छेड़छाड़ है।

### रेत खनन के लिए बनाई जा रही थी सड़क

दिल्ली और यूपी की सीमा पर इस सड़क का निर्माण इस क्षेत्र में रेत खनन के लिए आधिकारिक पट्टाधारक द्वारा किया जा रहा था। इसके लिए पानी का बहाव रोकने के लिए नदी के तल पर लकड़ी के तख्तों को बांधकर, उन्हें रेत की बोरियों के सहारे रोका गया था। सड़क के निर्माण का उद्देश्य सड़क पार करके रेत खनन करना था। पट्टे की आड़ में सीमा से अधिक रेत खनन कोई नई बात नहीं है। लोनी में जो हुआ, उस पर एनजीटी ने संज्ञान लिया और केंद्र सरकार के साथ ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और जिला मजिस्ट्रेट, गाजियाबाद से भी जवाब तलब किया।

एनजीटी के 16 दिसंबर के आदेश में एनजीटी के अध्यक्ष प्रकाश श्रीवास्तव और विशेषज्ञ सदस्य ए. सेंथिल वी ने कई पक्षों को पार्टी बनाया था। गाजियाबाद और उत्तरी दिल्ली के जिलाधिकारी के साथ ही केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी), उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) और दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (डीपीसीबी) समेत पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय को भी मामले में पक्षकार बनाया गया है। गाजियाबाद के खनन अधिकारी सौरव चतुर्वेदी का मामले में कहना है कि एनजीटी के नोटिस पर निर्माण कार्य तत्काल रोक दिया गया है। यमुना के बहाव को रोकने के लिए लगाए गए सैंड बैग भी जल्दी हटवा दिए जाएंगे। सैंड बैग सूख जाएंगे तो उन्हें हटाना आसान हो जाएगा। एनजीटी के आदेश का पूर्णतः पालन कराया जाएगा।

# गंगा पुल से युवती ने नदी में लगाई छलांग, परिवार से नाराज थी, गोताखोरों ने बचाया



**हापुड़ करंट क्राइम।** हापुड़ जिले के ब्रजघाट गंगानगरी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें एक युवती गंगा पुल से छलांग लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास करती है। घटना शुक्रवार सुबह की है। युवती गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र के गांव नैनापुर की निवासी बताई जा रही है। युवती को परिजनों के हवाले किया गया : वह ब्रजघाट स्थित नेशनल हाईवे पर बने गंगा पुल पर पहुंची और काफी देर तक पुल पर चक्कर लगाती रही। अचानक वह पुल की रेलिंग पर चढ़ गई और गंगा में कूद पड़ी।

गंगा स्नान कर रहे लोग युवती को बहते हुए देख शोर मचाने लगे। इस पर गोताखोर मोटर बोट लेकर मौके पर पहुंचे। कड़ी मेहनत के बाद युवती को गंगा से बाहर निकाल लिया। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और युवती को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।

पुलिस ने बताया कि युवती गृह क्लेश के कारण नाराज होकर घर से निकलकर आत्महत्या करने के इरादे से गंगा में कूदी थी। 16 जनवरी को उसकी शादी होनी थी, जिसकी वजह से वह मानसिक तनाव में थी। युवती को बचा लिया गया। बाद में उसे उसके परिजनों के हवाले कर दिया गया।

## हापुड़ में 6 घंटे डिजिटल अरेस्ट कर हड़पे 2.90 लाख

# पुत्र को रेप केस में फंसा होने के नाम पर पिता को बनाया शिकार, एफआईआर दर्ज




**हापुड़।** हापुड़ में 2.90 लाख रुपए की ठगी। पीड़ित व्यक्ति से उसके बेटे के खिलाफ रेप के झूठे आरोप में ठगों ने 6 घंटे डिजिटल अरेस्ट 2.90 लाख रुपए हड़प लिए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

### 90 हजार रुपए की धोखाधड़ी

शिवपुरी निवासी अनिल के पास 21 अप्रैल को एक कॉल आई, जो पुलिस की डीपी के साथ थी। कॉल करने वाले ने कहा कि रेप केस में चार लड़कों को पकड़ा गया है, और उन लोगों ने अनिल के बेटे का नाम लिया है। आरोपी ने कहा कि बेटे का नाम निकालने के लिए 90 हजार रुपए देने होंगे। अनिल का बेटा वृंदावन में रहता है, इसलिये उसने घबराकर बिना किसी जांच के 90 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिए। कॉल करने वाले ने अनिल को बार-बार यह कहकर फोन पर बनाए रखा कि हमारे साहब हमसे पूछेंगे, इसलिए लाइन पर बने रहो। आरोपी ने तीन बार अनिल से यह भी कहा कि आपके बेटे से बात करवाऊंगा और रोने की आवाज सुनाते हुए उसे विश्वास दिलाया।

### रेप के नाम पर 4 लाख रुपए मांगे

इसके बाद आरोपी ने कहा कि रेप पीड़िता की मौत हो गई और अस्पताल वालों ने बॉडी देने के लिए 4 लाख रुपए मांगे हैं। आरोपी ने जल्दी पैसे भेजने की धमकी दी और कहा कि मीडिया आ जाएगी, तो मदद नहीं कर पाएंगे। डर के मारे अनिल ने 2 लाख रुपए उधार लेकर आरोपी के खाते में ट्रांसफर कर दिए। कुल मिलाकर, ठगों ने उसे 2.90 लाख रुपए का चूना लगाया। इस तरह से आरोपियों ने अनिल से 6 घंटे के भीतर 2.90 लाख रुपए हड़प लिए।

### कुल 2.90 लाख रुपए की ठगी

पीड़ित ने इसकी शिकायत पुलिस से की, जिस पर कोतवाली प्रभारी मुनीष प्रताप सिंह ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच की जा रही है। मामले में अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

# सफाई करने वाली कंपनी ब्लैक लिस्ट

## दिसंबर में 6 लोगों को बिना अनुमति के रखा, एग्रीमेंट का किया उल्लंघन




**नोएडा।** नोएडा में साफ-सफाई करने वाली बिमलराज आउट सोर्सिंग प्राइवेट लिमिटेड को नोएडा प्राधिकरण ने ब्लैक लिस्ट कर दिया है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कंपनी के द्वारा एग्रीमेंट के तहत काम नहीं करके उसका उल्लंघन किया जा रहा है। ऐसे में दो साल तक कंपनी नोएडा प्राधिकरण की किसी भी टेंडर प्रक्रिया में हिस्सा नहीं ले सकेगी। प्राधिकरण जीएम एसपी सिंह ने बताया कि कंपनी को मौखिक और लिखित रूप में नोटिस जारी किए गए। इसके बाद भी लापरवाही जारी रही। कंपनी की ओर से सफाई कर्मियों को वर्दी, आई कार्ड, जूते, और सफाई संबंधित सामान जिसमें झाड़ू, कोल्ची, पंजी, फावड़ा, आदि तक नहीं दिया गया। इसके अलावा नाले से निकली स्लिट को समय पर सेक्टर-145 डंपिंग ग्राउंड तक नहीं पहुंचाया गया। कंपनी ने एग्रीमेंट की शर्त के अनुसार कार्य स्थल पर बिना किसी सूचना के 6 नए सफाई कर्मचारियों की तैनाती दिसंबर 2024 में की गई। जिसका कोई विवरण आईसीसीसी सेंटर पर नहीं है। कंपनी ने मशीनरी जैसे रिक्शा, जेसीबी, ट्रैक्टर ट्राली, हाइवा, व्हील बैरो, वाटर टैंकर मिनी टिप्पर नहीं लगाया गया। इसके अलावा सेक्टर और ग्राम की सफाई का कार्य संतोषजनक न कराने पर नोटिस जारी किए गए है।

# घर में घुसकर मोबाइल किया चोरी उसी से पैसे किए ट्रांसफर

## दो साथी पहले से जेल में बंद

**नोएडा करंट क्राइम।** रात के समय घर में घुसकर मोबाइल चोरी कर पैसे ट्रांसफर करने वाले एक बदमाश को नोएडा की थाना फेज-2 पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके दो साथी पहले से ही जेल में बंद है। ये शातिर किस्म का अपराधी है। पुलिस को इसकी तलाश थी।

हाल ही में इसने एक थाना फेज-2 क्षेत्र स्थित एक घर से पति और पत्नी दोनों का मोबाइल फोन चोरी किया। और कुछ ही देर में मोबाइल से ऑनलाइन ट्रांजैक्शन के जरिए अलग-अलग खातों में 1 लाख 4 हजार रुपए ट्रांसफर कर लिए। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए टीम बनाई। पुलिस ने उस खाते को ट्रैक किया जिसमें पैसा डाला गया। इसके बाद साइबर सेल और इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस व मैनुअल इंटेलिजेंस की सहायता से कमल मांझी पुत्र मनोरंजन मांझी को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस टीम ने पीड़ित के खाते से ट्रांसफर किए गए 1 लाख 4 हजार रुपए में से 97,000 रुपए मांझी के खाते में फ्रीज कराए गए।

इसके दो साथी पहले से जेल में है बंद

कमल मांझी ने पूछताछ में बताया कि वह अपने साथी तमन मांझी व सपन मांझी की मदद से मोबाइल फोन चोरी करता था एवं चोरी किये



गये मोबाइल फोन से अपने खातों में रुपए को ट्रांसफर कर लेता था। वह चोरी के मोबाइल फोन कम दामों पर अन्य राज्यों में जाकर बेच देता था। वर्तमान में कमल मांझी के साथी तपन मांझी व सपन मांझी थाना सूरजपुर से गौतमबुद्धनगर कारागार में बंद है।

### कैसे देते थे वारदात को अंजाम

कमल मांझी अपने साथी तपन मांझी व सपन मांझी की मदद से एनसीआर क्षेत्र में घूम-फिरकर घरों की रेकी करते और रात को मौका पाकर मोबाइल फोन चोरी कर लेते थे। इसके बाद साइबर जानकारी के चलते आसानी से फोन हैक करके खातों में पैसे ट्रांसफर कर लेते थे। समूह बनाकर कार्य करते थे। मोबाइल फोन चुरा लेने के बाद पकड़े जाने की सम्भावना की आशंका होते ही अपने दूसरे साथी को मोबाइल पकड़ा देते थे। काफी मात्रा में मोबाइल एकत्र हो जाने के बाद अन्य राज्यों में जाकर औने-पौने दाम में बेच देते थे। 3 से 4 दिन में ट्रेन के माध्यम से चोरी के मोबाइल बेचने के लिये अन्य राज्य चले जाते हैं।




# कहीं रील ना बढ़ा दे पुलिस की टेंशन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में आने वाले कुछ दिन कैसे बीतेंगे,इसको लेकर कई तरह के कयास व चर्चा सुनाई दे रही है। इसके साथ ही पुलिसकर्मियों से लेकर रील बनाने वालों पर भी नजरें रहने वाली हैं। पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में सुनाई दे रहा है कि इस बार नए साल के हुड़दंग और जश्न को कंट्रोल में मनाने का अभियान शुरू हो गया है। पुलिस कमिश्नरेट में खाकी पहले से ज्यादा एक्टिव और स्ट्रैंथ में नजर आ रही है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद का मकसद है कि नए साल का हुड़दंग कम हो और शांति व्यवस्था के बीच नए साल का आगाज ठीक से हो। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि नदिया पार को लेकर अधिकारियों को सबसे ज्यादा टेंशन है कि यहां की रील पुलिस की टेंशन ना बढ़ा दें। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में 700 से अधिक 2023 बैच वाले नए टू-स्टार हैं। इन सभी का ट्रेनिंग पीरियड पूरा हो चुका है। यह फील्ड पर उतर आए हैं। सब नौजवान और सोशल मीडिया के दीवाने हैं। इसलिए नए साल की मौज-मस्ती में इन्हें कंट्रोल में रखना भी इनके सर्किल अधिकारियों और थाना प्रभारियों की जिम्मेदारी सी बन गई है। कहा जा रहा है कि पुलिस के जोन वाले अधिकारियों को इस बात का ही डर है कि कहीं आम पब्लिक से ज्यादा खाकी वालों की रील वायरल ना हो जाएं। वैसे भी अब राष्ट्रीय शोक वाला मामला भी आ गया है ,ऐसे में अगर खाकी वाले कार्रवाई का शिकार हुए तो उनका नुकसान भी हो सकता है। बता दें कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में शायद ही कोई ऐसा जोन हो जहां नए वाले टू-स्टार ना हों। उनके कई कारनामे देहात से लेकर सिटी तक पूर्व में चर्चित रह चुके हैं। कई तो इस फिल्मी अंदाज में रील बनाते थे कि फिल्मी दुनिया वाले भी हैरान रह जाते होंगे। वहीं पुलिस को छोडकर पुलिसगिरी के चक्कर में अपनी नौकरी को गंवा लगा चुके हैं। तो कई की अभी जांच चल रही है। वो साहब लोगों के कार्यालयों के चक्कर लगा रहे हैं। कुल मिलाकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अभी से चर्चा शुरू हो गई है कि कहीं रील पुलिसकर्मियों की टेंशन ना बढ़ा दे। देखना होगा नए साल पर रील की टेंशन से कौन सा जोन ज्यादा सेफ रहता है और कहां ज्यादा रील का रोल नजर आता है।



# भाजपाइयों ने साहिबजादो की शहादत सप्ताह मना कर निकाली प्रभात फेरी








**गाजियाबाद करंट क्राइम।** हिंदुत्व और धर्म की रक्षा में अपने प्राणों का बलिदान देकर वीरता का परिचय देने वाले साहिबजादों की याद में देशभर में वीर बाल दिवस मनाया गया। भाजपा संगठन ने 21 दिसंबर से लेकर 27 दिसंबर तक शहादत सप्ताह के रूप में साहिबजादों की याद में शहर के सभी गुरुद्वारों में तथा प्रभात फेरी के कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दिन सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह की वीरता को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि दी जा रही है।

शुक्रवार को गुरुद्वारा श्रीगुरु नानक सभा ब्लॉक कवि नगर में भाजपा अध्यक्ष एवं सदर विधायक संजीव शर्मा के नेतृत्व तथा सिख समाज के वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी सरदार एसपी सिंह तथा कार्यक्रम के महानगर संयोजक बलप्रीत सिंह के आह्वाहन पर मंडल अध्यक्ष राहुल तोमर,मंडल कार्यक्रम संयोजक अंकित अरोड़ा, सह संयोजक पुनीत बरार की देखरेख में प्रभात फेरी एवं संगोष्ठी का आयोजन किया गया।


इस अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता सरदार एसपी सिंह ने कहा सिख समाज के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देव पुरुष बनकर साहिबजादों के बलिदान की गाथा व इतिहास को देश के लिए जानने का अवसर दिया और सिख समाज को देश में सम्मान देने का काम किया। साथ ही साथ उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने वीर बाल दिवस के अवसर पर लखनऊ में 5 कालिदास मार्ग मुख्यमंत्री आवास पर वीर बाल दिवस मनाया और साहिबजादों की शहादत पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की याद किया। इस अवसर पर वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव राज शर्मा ने वीर बाल दिवस पर गुरु गोबिंद सिंह के अमर बलिदानी साहिबजादों की वीरता को कोटि-कोटि नमन किया।

मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी ने बताया वीर बाल दिवस का आयोजन गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों जोरावर सिंह और फतेह सिंह की वीरता और साहस को याद करने और राष्ट्र निर्माण के प्रति अपनी जिम्मेदारी को समझने का अवसर देता हुआ संपन्न है। गुरु गोबिंद सिंह के साहिबजादों ने कभी अन्याय के सामने सिर नहीं झुकाया। अपनी संस्कृति, धर्म और देश की रक्षा के लिए जीवन त्याग दिया। छोटी सी उम्र में देश के लिए शहादत कर जो प्रेरणा साहिबजादों ने हमारे सामने रखी वो आदर्श हमेशा प्रकाश स्तंभ की तरह राह दिखाएगा।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में सरदार एसपी सिंह, अतिथि के रूप में वरिष्ठ भाजपा नेता बलदेव राज शर्मा, मीडिया प्रभारी प्रदीप चौधरी सहित पूर्व पार्षद हिमांशु मित्तल पार्षद मनोज त्यागी, आरडब्ल्यूए अध्यक्ष आलोक गर्ग तथा कवि नगर मंडल से सरदार परमजीत सिंह पम्मी, अशोक राव,धर्मेंद्र सिंह सोहल, जसविन्दर सिंह, हरदीप सिंह, ज्ञानी राजेन्द्र सिंह, जी एस भाटिया, जसप्रीत सिंह गम्भीर, सुधीर चौधरी,कैलाश परिहार, राघवेंद्र गौतम, कृष्ण कुमार मावी, वीरेंद्र चौधरी , गौरव अरोड़ा, सचिन मेहरा, रीता देओल, निक्की सिंह, मधु यादव, भारती अग्रवाल, किरण माथुर आदि लोग मौजूद रहे।

# मेघदूतम पार्क में लगी आग, 10 से अधिक पेड़ जलकर हुए राख

## एक घंटे की मशक्कत के बाद पाया काबू



**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर-50 स्थित मेघदूतम पार्क में गुरुवार रात अचानक आग लग गई। सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की 2 गाड़ियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद काबू पा लिया। पहुंचे दमकलकर्मियों ने दो गाड़ियों की मदद से करीब एक घंटे में आग पर काबू पा लिया। मुख्य अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार चौबे ने बताया कि गुरुवार रात को मेघदूतम पार्क में आग लगने की सूचना मिली।

आग एंबिएंश समिति की तरफ के पेड़ों में लगी थी। मौके पर दमकल की दो गाड़ियों को भेजा गया। आग ने पेड़ों को भयंकर रूप से अपने चपेट में ले रखा था। देखते ही देखते आग लगने से कई पेड़ जलकर राख हो गए। दमकल कर्मियों ने करीब एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गनीमत रही कि कोई जन हानि नहीं हुई। पार्क में आग लगने से आसपास के वातावरण में धुआं ही धुआं फैल गया। पार्क में रात के समय घूमने आए लोगों को सांस लेने में परेशानी होने लगी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पार्क में पड़े पेड़ों के पत्तों में किसी ने बीड़ी या सिगरेट फेंक दी थी। जिस कारण आग लग गई। वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि किसी ने जानकर आग लगाई है।

ये पार्क के चारो ओर सोसाइटी है। जिसमें बड़ी संख्या में रिहाइशी है। ऐसे में लोगों ने आशंका जताई की पार्क में लगे पेड़ों में आग लगाई गई है न की लगी है। इस आग से पार्क में बने ओपन जिम के उपकरणों में भी नुकसान हुआ है।

# मनमोहन सिंह के निधन पर विश्व के नेताओं ने दी श्रद्धांजलि, चीन ने पूर्व पीएम को किया नमन

**नई दिल्ली ।** गुरुवार रात को पूर्व प्रधानमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मनमोहन सिंह का निधन हो गया। इस खबर से भारत समेत पूरी दुनियाभर में शोक की लहर देखी जा रही है, जिसको लेकर दुनियाभर के कई नेताओं ने पूर्व पीएम के निधन पर श्रद्धांजलि देते हुए शोक जताया है। मालदीव और अफगानिस्तान सहित पड़ोसी देशों के नेताओं ने उनके योगदान और उनके देशों के साथ अच्छे संबंधों बनाने पर प्रकाश डाला है। तो आईए जानते है कि किसने क्या कहा।








अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई ने एक पोस्ट में कहा कि भारत ने अपने सबसे शानदार बेटों में से एक को खो दिया है। उन्होंने पूर्व पीएम को अफगानिस्तान के लोगों के अटूट सहयोगी और दोस्त बताते हुए उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। करजई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि मैं उनके परिवार, सरकार और भारत के लोगों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं।

### मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति नशीद ने जताया दुख

पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के निधन पर मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद ने भी दुख जताया। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह एक दयालु अभिभावक और मालदीव के अच्छे मित्र थे। रूसी राजदूत ने जताया दुख इसके साथ ही भारत में रूस के राजदूत डेनिस अलीपोव ने भी पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के निधन पर शोक जताया। उन्होंने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह का निधन भारत और रूस के लिए बहुत दुखद है। उन्होंने कहा कि डॉ. सिंह का योगदान भारत और रूस के द्विपक्षीय संबंधों में अतुलनीय था। उनका सौम्य व्यवहार और एक अर्थशास्त्री के रूप में उनकी विशेषज्ञता हमेशा सराही जाती थी। बराक ओबामा ने की थी तारीफ अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा ने अपनी किताब ए प्रॉमिस्ड लैंड में पूर्व पीएम मनमोहन सिंह की जमकर तारीफ की। उन्होंने लिखा कि मनमोहन सिंह ऐसे नेता है कि जब वो बोलते है तो पूरी दुनिया सुनती है। किताब में ओबामा ने आगे लिखा कि मनमोहन सिंह भारत की अर्थव्यवस्था को आधुनिक बनाने के मुख्य आर्किटेक्ट थे।

## जापान की ब्लैक विडो सीरियल किलर की जेल में मौत, साइनाइड देकर पुरुषों की लेती थी जान

**नई दिल्ली ।** जापान के ब्लैक विडो के रूप में पहचाने जाने वाली 78 वर्षीय सीरियल किलर चिसाको काकेही की मौत की खबर सामने आई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि हिरासत केंद्र में काकेही की मौत हो गई।




### इतने लोगों को बना चुकी थी निशाना

बता दें, उस पर उसके पति समेत तीन अन्य पुरुषों की हत्या और चौथे की हत्या के प्रयास का आरोप था। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ने उसे मौत की सजा सुनाई थी। हालांकि, अपने बुजुर्ग प्रेमियों को मारने के लिए साइनाइड का इस्तेमाल करने वाली ब्लैक विडो की मौत हो चुकी है। मौत की वजह साफ नहीं न्याय मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि ओसाका हिरासत केंद्र में बंद काकेही गुरुवार को अपने सेल में बेहोश मिली थी, जब उसे अस्पताल ले जाया गया तो पता चला कि उसकी मौत हो चुकी है। उन्होंने बताया कि मौत के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। हालांकि, जापानी मीडिया की माने तो किसी अज्ञात बीमारी की वजह से उसकी जान गई है। क्या है मामला? सीरियल किलर महिला ने कथित तौर पर पीड़ितों को साइनाइड से जहर देने के बाद बड़ी बीमा राशि हासिल की थी। उसने 10 सालों में बीमा भुगतान और विरासत में एक अरब येन (उस समय नौ मिलियन डॉलर) जुटा लिए थे। हालांकि बाद में वित्तीय व्यापार में सब धन गंवा दिया था।

क्योटो, ओसाका और ह्योगो में 2007 और 2013 के बीच हुई हत्याओं के लिए उसे 2017 में मौत की सजा सुनाई गई थी। बाद में सजा को 2021 में बरकरार रखा गया।

## यमन में इस्राइल की जवाबी कार्रवाई, हूती विद्रोहियों के सैन्य ठिकानों पर किए हवाई हमले

**यरूशलम ।** इस्राइली वायु सेना ने पश्चिमी तट और यमन के अंदरूनी हिस्सों में हूती सैन्य ठिकानों पर हमले किए। इस्राइल रक्षा बल (आईडीएफ) ने गुरुवार को बताया कि ये हमले प्रधानमंत्री, रक्षा मंत्री और जनरल स्टाफ के प्रमुख की मंजूरी से किए गए थे। इन हमलों में हौथी सैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया गया, जिसे वे अपनी सैन्य गतिविधियों के लिए इस्तेमाल कर रहे थे। बता दें कि आईडीएफ द्वारा हूती के ठिकानों पर किए गए हमले में पश्चिमी तट पर अल-हुदैदाह, सलीफ और रास कनातिब बंदरगाह शामिल थे।



### आईडीएफ ने दी जानकारी

आईडीएफ ने बताया कि हूती विद्रोही शासन ने बार-बार इस्राइल पर हमले किए हैं, जिसमें ड्रोन और मिसाइल हमले शामिल हैं। जिन स्थानों पर हमले किए गए उनमें सना अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, हेज्याज और रास कनातिब बिजलीघर शामिल हैं, जो हूतियों द्वारा सैन्य गतिविधियों के लिए इस्तेमाल किए जा रहे थे।

इसके साथ ही आईडीएफ ने यह भी कहा कि हूती शासन ईरानी हथियारों की तस्करी और ईरानी अधिकारियों के प्रवेश के लिए इन सैन्य ठिकानों का इस्तेमाल कर रहा है। साथ ही आईडीएफ ने चेतावनी दी कि हूतियों के हमले क्षेत्र और दुनिया भर में अस्थिरता फैला रहे हैं और इस्राइल किसी भी खतरे का मुकाबला करने के लिए पूरी तरह तैयार है। नेतन्याहू ने वीडियो के जरिए दी थी चेतावनी हाल ही में हूती विद्रोहियों द्वारा किए गए हमले के बाद इस्राइली पीएम नेतन्याहू ने रविवार को एक वीडियो बयान में कहा हम हुथियों के खिलाफ बल, दृढ़ संकल्प और परिष्कार के साथ कार्रवाई करेंगे।

## मार्शल लॉ का समर्थन पड़ा भारी

**नई दिल्ली ।** दक्षिण कोरिया की संसद में कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू के खिलाफ महाभियोग का प्रस्ताव पारित हुआ है। पूर्व राष्ट्रपति यून सूक योल की ओर से लगाए गए मार्शल लॉ समर्थन करने और योल के खिलाफ जांच को मंजूरी न देने पर विपक्षी दल ने संसद में यह प्रस्ताव पारित किया। दक्षिण कोरिया की नेशनल असेंबली के स्पीकर वू वोन-शिक ने कहा कि प्रधानमंत्री हान डक-सू के महाभियोग प्रस्ताव को मंजूरी मिल गई है। 192 सांसदों में से 192 ने महाभियोग के पक्ष में मतदान किया।



गुरुवार को दक्षिण कोरिया की मुख्य विपक्षी डेमोक्रेटिक पार्टी अब कार्यवाहक राष्ट्रपति हान डक-सू के खिलाफ महाभियोग प्रस्ताव लेकर आई थी। विपक्षी दल का कहना था ।

## अमेरिकी राज्य ओहायो में अब हिंदू छात्रों को मिलेगी दिवाली की छुट्टी, सीनेटर नीरज बोले- यह हिंदुओं की जीत

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के ओहायो राज्य में अब हिंदू छात्रों को दिवाली की छुट्टी मिलेगी। इसके साथ ही वह अपने धार्मिक पर्व पर एक शिक्षा सत्र मे दो अन्य छुट्टियां भी ले सकेंगे। अमेरिकी राज्य के भारतीय अमेरिकी विधायक ने यह एलान किया। उन्होंने कहा कि मेरे द्वारा लाए गए विधेयक को पहले ओहायो स्टेट हाउस और सीनेट ने पारित किया था। अब ओहायो के गवर्नर माइक डेविन ने इसे पारित कर दिया।



राज्य सीनेटर नीरज एंटनी ने कहा कि नए विधेयक के चलते ओहायो में प्रत्येक हिंदू छात्र 2025 में होने वाली दिवाली और उसके बाद दो दिन स्कूल की छुट्टी ले सकेगा। यह ओहायो में हिंदुओं की एक अविश्वसनीय जीत है। अमेरिकी इतिहास में ओहायो पहला ऐसा राज्य है जहां प्रत्येक छात्र को दिवाली की छुट्टी मिलेगी।

उन्होंने कहा कि हमारे कानून के तहत छात्रों को 2 अन्य धार्मिक छुट्टियां लेने की अनुमति मिलेगी। इसका मतलब है कि एक गुजराती हिंदू छात्र नवरात्रि या अन्नकूट के लिए एक दिन की छुट्टी ले सकता है।

एक इअढर भक्त प्रमुख स्वामी महाराज जयंती के लिए छुट्टी ले सकता है, एक स्वामीनारायण भक्त हरि जयंती के लिए छुट्टी ले सकता है, एक तेलुगु हिंदू छात्र उगादि की छुट्टी ले सकता है, एक तमिल हिंदू छात्र पोंगल की छुट्टी ले सकता है, एक बंगाली हिंदू छात्र दुर्गा पूजा की छुट्टी ले सकता है, एक पंजाबी हिंदू छात्र लोहड़ी की छुट्टी ले सकता है, एक इस्कॉन भक्त उन्होंने कहा कि कृष्ण जन्माष्टमी की छुट्टी ले सकता है।

ओहायो में अब किसी भी हिंदू बच्चे को त्योहार के चलते पढ़ाई की समस्या नहीं होगी।

उन्होंने बताया कि विधेयक के मुताबिक छुट्टी लेने के लिए माता-पिता को स्कूल के प्रिंसिपल को एक हस्ताक्षरित पत्र भेजेंगे। इसमें छात्र द्वारा ली जाने वाली धार्मिक छुट्टियों का जिक्र होगा। हस्ताक्षरित पत्र स्कूल वर्ष के पहले दिन से 14 दिनों के भीतर प्रिंसिपल को भेजा जाएगा।

हिंदू अमेरिकन फाउंडेशन के प्रबंध निदेशक समीर कालरा ने कहा कि ओहायो देश के बाकी हिस्सों के लिए एक उदाहरण स्थापित कर रहा है कि कैसे स्कूल यह सुनिश्चित कर सकते हैं कि सभी छात्र नकारात्मक शैक्षणिक परिणामों के डर के बिना अपने धर्म का पूरी तरह से पालन कर सकें। फाउंडेशन इस पहल की सराहना करता है।

## एस जयशंकर ने अमेरिकी एनएसए जेक सुलिवन से की मुलाकात, वैश्विक घटनाक्रम पर की चर्चा

**वॉशिंगटन ।** छह दिनों के अमेरिकी दौरे पर गए विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने बुधवार को अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी (एनएसए) के प्रमुख जेक सुलिवन से मुलाकात की। जहां दोनों नेताओं ने क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर चर्चा की। इस मुलाकात के बारे में जयशंकर ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि बुधवार वाशिंगटन डी.सी. में अमेरिकी एनएसए जेक सुलिवन से मिलकर अच्छा लगा।



### भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी पर हुई चर्चा

जयशंकर ने अपने पोस्ट में लिखा कि भारत-अमेरिका रणनीतिक साझेदारी की प्रगति पर विस्तृत चर्चा हुई। उन्होंने ये भी बताया दोनों नेताओं ने मौजूदा क्षेत्रीय और वैश्विक घटनाक्रमों पर विचारों का आदान-प्रदान किया। बता दें कि जयशंकर 24-29 दिसंबर तक अमेरिका में हैं।

**जयशंकर के अमेरिकी दौरे को लेकर विदेश मंत्रालय की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जयशंकर 24 दिसंबर से 29 दिसंबर तक अमेरिका की यात्रा पर हैं। इस यात्रा के दौरान, वह प्रमुख द्विपक्षीय, क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा करने के लिए अपने समकक्षों से मिलेंगे**

### विदेश मंत्रालय ने जारी किया विज्ञप्ति

साथ ही, वह अमेरिका में भारत के महावाणिज्यदूतों के एक सम्मेलन की अध्यक्षता भी करेंगे।

बता दें कि जयशंकर की यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सितंबर में अमेरिका यात्रा और चौथे क्वाड लीडर्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के बाद हो रही है। अमेरिका और भारत के बीच उच्च स्तरीय बातचीत लगातार जारी है।

## इस्राइली अटॉर्नी जनरल ने पीएम नेतन्याहू की पत्नी के खिलाफ जांच के दिए आदेश, गवाह को धमकाने का आरोप

**यरुशलम ।** इस्राइली के अटॉर्नी जनरल ने पुलिस को प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू की पत्नी सारा नेतन्याहू के खिलाफ जांच शुरू करने का आदेश दिया है। पीएम नेतन्याहू की पत्नी पर आरोप है कि उन्होंने राजनीतिक विरोधियों और नेतन्याहू के भ्रष्टाचार के मुकदमे में एक गवाह को परेशान किया।



### इस्राइली न्याय मंत्रालय ने जारी किया संदेश

मामले में इस्राइली न्याय मंत्रालय ने गुरुवार देर रात एक संक्षिप्त संदेश में कहा कि यह जांच हाल ही में प्रकाशित उवदा रिपोर्ट के निष्कर्षों पर आधारित होगी।

इस कार्यक्रम में व्हाट्सएप संदेशों का एक बड़ा संग्रह दिखाया गया, जिसमें सारा नेतन्याहू एक पूर्व सहयोगी को विरोध प्रदर्शनों को आयोजित करने और मुकदमे में एक गवाह हदास क्लेन को धमकाते हुए दिखाई दे रहीं हैं। बता दें कि मामले में मंत्रालय ने सारा नेतन्याहू का नाम सीधे नहीं लिया और आगे कोई टिप्पणी करने से इनकार कर दिया।

पत्नी की पक्ष में उतरे नेतन्याहू पत्नी सारा नेतन्याहू पर लगे आरोपो का बचान करने के लिए गुरुवार को पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने वीडियो जारी किया। इस वीडियो में पीएम नेतन्याहू ने अपनी पत्नी द्वारा किए गए कई अच्छे और परोपकारी कार्यों को बताया और उवदा रिपोर्ट को झूठ बताया। उन्होंने कहा कि वामपंथी और मीडिया में मेरे विरोधियों को अब एक नया-पुराना लक्ष्य मिल गया है, वे मेरी पत्नी पर बेरहमी से हमला कर रहे हैं।

## 170 रुपये की टिप देना गर्भवती को पड़ा महंगा

### पिज्जा डिलीवरी ब्वॉय ने महिला पर 14 बार चाकू से किया हमला

**वॉशिंगटन ।** फ्लोरिडा से एक दिल दहलाने वाली खबर सामने आई है। यहां एक पिज्जा डिलीवरी ब्वॉय ने 170 रुपये की टिप से संतुष्टि नहीं होने पर कथित तौर पर एक गर्भवती महिला को 14 से अधिक बार चाकू मारा।



यह घटना कुछ दिन पहले मोटल में हुई थी, जब 22 वर्षीय ब्रियाना अल्वेलो को जन्मदिन मना रहे एक परिवार को पिज्जा पहुंचाना था। ओस्सोला काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बताया कि अल्वेलो एक साथी के साथ मोटल लौटा और हमले को अंजाम दिया। बंदूक तान कमरे में घुसे अधिकारी ने बताया कि अल्वेलो ने परिवार को पिज्जा दिया, जिसकी कीमत करीब 2800 रुपये थी। मगर परिवार के पास खुले रुपये नहीं थे। उनके पास करीब 43 हजार रुपये थे। बाद में परिवार ने बहुत ढूंढने पर पैसे लौटाए और केवल 170 रुपये टिप में दिए। इससे डिलीवरी ब्वॉय भड़क गया।

वह 90 मिनट बाद लाल टोयोटा में एक नकाबपोश साथी के साथ मौके पर पहुंचा। बंदूक से लैस युवक पीड़िता के कमरे में जबरन घुस गए और परिवार पर हमला करना शुरू कर दिया।

बच्ची को बचाने की कोशिश की तो बदमाश ने किया हमला एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, जिस समय डिलीवरी ब्वॉय ने हमला किया उस समय कमरे में महिला, उसका बॉयफ्रेंड और उसकी पांच साल की बेटी मौजूद थी।

जब महिला ने अपनी बच्ची को बचाने की कोशिश की। तभी आरोपी ने महिला पर हमला कर दिया।

उसे कई बार चाकू मारा और कमरे के अंदर से सामान लूट लिया। इतना ही नहीं, महिला ने मदद के लिए फोन करने की कोशिश की तो बदमाशों ने फोन भी तोड़ दिया।

### इलाज के दौरान गर्भवती होने का पता चला

अधिकारी ने बताया कि महिला पर 14 बार चाकू से वार किया, जबकि उसका साथी बंदूक तानकर उन पर शोर करने के लिए चिल्ला रहा था।

## 26/11 के मुंबई हमलों के साजिशकर्ता अब्दुल रहमान मक्की की मौत, दिल का दौरा पड़ने से गई जान

**इस्लामाबाद ।** मुंबई हमलों के साजिशकर्ताओं में शामिल हाफिज अब्दुल रहमान मक्की की मौत हो गई। मक्की हमलों के मास्टरमाइंड हाफिज सईद का रिश्तेदार था और प्रतिबंधित जमात-उद-दावा का उपप्रमुख भी था। उसने शुक्रवार को लाहौर में दिल का दौरा पड़ने से दम तोड़ दिया। पाकिस्तान के टीवी चैनल की रिपोर्ट के अनुसार, हाफिज अब्दुल रहमान मक्की की दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई। मक्की लश्कर का वांछित आतंकवादी था। वह लश्कर नेता हाफिज सईद का साला भी था। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो मक्की पिछले कुछ दिनों से बीमार था और लाहौर के एक निजी अस्पताल में उसका इलाज चल रहा था। उसका शुगर लेवल काफी बढ़ा हुआ था।



### 'वैश्विक आतंकवादी' भी घोषित

मई 2019 में मक्की को पाकिस्तान में गिरफ्तार कर लिया गया था। इसके बाद उसे लाहौर में नजरबंद कर दिया गया था। 2020 में एक पाकिस्तानी अदालत ने उसे आतंकी वित्तपोषण से जुड़े मामलों में भी दोषी ठहराया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई थी। इसके बाद से उसकी अधिक चर्चा नहीं हुई। जनवरी 2023 में मक्की को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (वठरउ) की ओर से भी 'वैश्विक आतंकवादी' भी घोषित किया गया था। इसके तहत उसकी संपत्ति जब्त की गई, यात्रा पर प्रतिबंध लगाया गया और हथियार पर प्रतिबंध लगाए गए।

26/11 का साजिशकर्ता मक्की ने 26/11 मुंबई आतंकी हमलों के लिए आतंकियों को फंड मुहैया कराया था। हमले में 166 लोग मारे गए थे। हमले के खिलाफ सेना की कार्रवाई में कुल नौ आतंकवादी भी मारे गए थे। इस दौरान एक आतंकवादी आमिर अजमल कसाब को जिंदा पकड़ा लिया गया था।

### भारत में सुरक्षा एजेंसियों की रडार पर था

मुंबई आतंकी हमलों के अलावा मक्की लाल किला हमले में शामिल होने के कारण भारत में सुरक्षा एजेंसियों की रडार पर था। लाल किले पर हमले की घटना को 22 दिसंबर, 2000 को अंजाम दिया गया था। इस हमले में भी मक्की का ही हाथ था। हमले में लश्कर के छह आतंकवादियों ने लाल किले पर धावा बोला था और किले की सुरक्षा कर रहे सुरक्षा बलों पर गोलीबारी की थी।

# डीएम इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक सम्पन्न

## प्रकरणों के निस्तारण में कोताही न बरती जाएं, जनपद की रैंकिंग प्रभावित न होने पाएं: जिलाधिकारी

### जनपद की रैंकिंग प्रभावित होने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई के दिये निर्देश





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जनपद के औद्योगिक संगठनों के साथ जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक सम्पन्न हुई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि इस वर्ष का काम इसी वर्ष में निपटाना सुनिश्चित किया जाएं। डीएम गाजियाबाद ने स्वदेशी पॉलिटिक्स कंपाउंड में मिनी सब फायर स्टेशन बनाए जाने हेतु भूमि के पंजीकरण हेतु क्षेत्रीय प्रबंधक, यूपीसीडा को निर्देशित किया गया। जिलाधिकारी द्वारा जिला स्तरीय उद्योग बंधु बैठक में ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के अंतर्गत ऑनलाइन संचालित निवेश मित्र पोर्टल पर समय सीमा उपरांत लंबित प्रकरणों की विभाग बार समीक्षा की गई। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण से संबंधित समय सीमा उपरांत लंबित प्रकरणों पर जिलाधिकारी द्वारा सहायक अभियंता जीडीए से जानकारी चाही गई। उक्त प्रकरण पर सहायक अभियंता जीडीए ने अवगत कराया कि हाउसिंग विभाग एवं इनफॉरमेशन टेक्नोलॉजी से संबंधित दो प्रकरणों का उनके द्वारा निस्तारण कर दिया गया है। जिलाधिकारी द्वारा उक्त पर असंतोष प्रकट करते हुए निर्देशित किया गया कि भविष्य में प्रकरणों के निस्तारण में कोताही न बरती जाए एवं सुनिश्चित किया जाए कि निवेश मित्र पोर्टल पर प्राप्त सभी प्रकरणों का निर्धारित समय अवधि से पूर्व ही निस्तारण हो, जिससे जनपद की रैंकिंग प्रभावित न हो।

भूगर्भ जल विभाग से संबंधित समय सीमा उपरांत लंबित 22 प्रकरणों के विषय में जिलाधिकारी ने नोडल अधिकारी को निर्देशित किया कि वे उक्त प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण हेतु तत्काल उनकी ओर से एक अर्द्धशासकीय शासकीय पत्र भूगर्भ जल विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ को प्रेषित करना सुनिश्चित करें।

साथ ही जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया कि यदि किसी विभाग स्तर पर लंबित प्रकरणों एवं शिकायतों की वजह से जनपद की रैंकिंग प्रभावित होती है तो संबंधित विभागीय अधिकारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी जिसके लिए संबंधित विभागाध्यक्ष स्वयं उत्तरदाई होंगे।

सिखेड़ा औद्योगिक क्षेत्र मोदीनगर में सड़कों के निर्माण हेतु निविदा संबंधी पत्रावली के विषय में जिला पंचायत परिषद के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त पत्रावली पर जिला पंचायत अध्यक्ष महोदय द्वारा अनुमोदन प्राप्त होना अपेक्षित है। जिलाधिकारी द्वारा जिला पंचायत परिषद के प्रतिनिधि को उद्योग बंधु बैठक का हवाला देते हुए उक्त पत्रावली पर जिला पंचायत अध्यक्ष का अनुमोदन शीघ्र प्राप्त करने हेतु निर्देशित किया गया तथा उक्त विषय में जिलाधिकारी द्वारा मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद अभिनव गोपाल को जिला पंचायत अध्यक्ष गाजियाबाद से समन्वय स्थापित कर प्रकरण का निस्तारण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गाजियाबाद अभिनव गोपाल, एसीपी कोतवाली रितेश त्रिपाठी, उपायुक्त जीएसटी विनय कुमार गौतम, मुख्य अभियंता गाजियाबाद विकास प्राधिकरण मानवेंद्र सिंह, मुख्य अभियंता नगर निगम एन के चौधरी, अधीक्षण अभियंता विद्युत नगरीय वितरण मंडल गाजियाबाद, उप महाप्रबंधक सिविल उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण, आरएस यादव, उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम कौशांबी के प्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा जनपद के औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधियों तथा उद्यमियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक सम्पन्न

## जिला प्रशासन सभी की समस्या सुनने व उसके निस्तारण के लिए है: डीएम इन्द्र विक्रम सिंह



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** दुर्गावती देवी सभागार, विकास भवन में जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह की अध्यक्षता में जनपद-गाजियाबाद के भूतपूर्व सैनिकों/वीर नारियों एवं उनके आश्रितों के कल्याणार्थ जिला सैनिक बन्धु बैठक आहूत हुई। बैठक में सबसे पहले पूर्व ऑनरेरी ले० सुदेशपाल के प्रकरण में मुख्य प्रबन्धक अग्रिण बैंक को मौके पर निर्देशित किया कि प्रचलित प्रकरण आवेदक को विभागीय द्वारा की गई कार्यवाही से अवगत कराए तथा सुझाव दिया कि आवेदक असंतुष्ट अवस्था तथा राहत हेतु न्यायालय जाने को स्वतन्त्र है। तत्पश्चात कर्नल अशोक गहलोत को अपने चक मार्ग पर सडक बनवाने के लिए चल रहे प्रकरण में अवगत कराया कि जब तक विपक्षी ग्रामीण वालों के साथ जमीन का चकरोड के लिए आदान प्रदान का समझोता नहीं हो जाता तब तक प्रकरण पर कार्यवाही करना असम्भव है। तीसरे आवेदन पूर्व सार्जेंट सुखबीर सिंह के प्रचलित प्रकरण में जिलाधिकारी महोदय द्वारा मौके पर ही अवगत कराया कि इकरार नामा कोई कानूनन अधिकार नही है जिसका खन्डन या तो किया जा सकता है नही भी। परन्तु बैनामा का फैसला तहसीलदार का कर्त्तव्य है जिसको करना अनिवार्य है। अतः इस प्रकरण पर कार्यवाही नहीं की जा सकती। अगर आपने इकरार नामे पर पैसे दे रखे है और वादी देने से इन्कार कर रहा है तो आप न्यायालय का सहारा ले सकते है। राम प्रवेश सिंह ने बैठक में यह भी अवगत कराना है कि देखा गया है कि सैनिक जम्मू कश्मीर तथा असम से गन लाईसेन्स बनवा लेते है जिनका पंजीकरण अन्य स्टेट में नही हो पाता है साथ अवगत कराया कि उन्होने 7 दिसम्बर 2024 को एक पूर्व सैनिक के अनुरोध पर श्रीनगर के जिलाधिकारी से बात कर उनकी समस्या का समाधान कराया।

जिलाधिकारी ने कहा कि गन लाईसेन्स एक बहुत बड़ा बोझ है जिसको संभालना बड़ा मुश्किल होता है। यह भी अवगत कराया कि जिला प्रशासन आपकी समस्या सुनने के लिए बैठा है। आपको यह समझना चाहिये कि आप सैनिक से पहले एक नागरिक भी है। प्रशासनीक कार्य व्यवस्था में सैनिको के लिए कोई विशेष प्रवाधान या अधिकारी नहीं होता अपितु आपके सैनिक जीवन के कारण सहानुभूति पूर्वक समस्याओं को सुना जाता है। अतः आपको भी प्रशासन की बात को समझना चाहिये।

बैठक के दौरान जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी, गाजियाबाद कैप्टन (आई. एन.) राम प्रवेश सिंह ने बैठक में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी (नगर) गाजियाबाद, सहायक पुलिस उपायुक्त, एडम कमान्डेन्ट कपिल बक्क्षी, स्टेशन हेडक्वाटर बाबुगढ छावनी हापुड एवं सभी विभागों के अधिकारी/पदाधिकारियों एवं सदस्य जिला सैनिक बन्धु बैठक तथा वीरांगनाओं तथा पूर्व सैनिकों का सभा में आने का आभार व्यक्त किया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने कार्यालय द्वारा गत सैनिक बन्धु बैठक 28.09.2024 के उपरान्त किये गये मुख्य कार्यों से अवगत कराया।

# अवैध विज्ञापन पर निगम की जारी है कार्रवाई सिटी जोन अंतर्गत चला अभियान







**गाजियाबाद करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत लगे हुए अवैध होर्डिंग, बैनर को हटाने हेतु नगर निगम अभियान चला रहा है। पांचो जोन के अंतर्गत अवैध विज्ञापन पर रोक लगाने के लिए कड़ी कार्यवाही की जाए निर्देश नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने दिए गए हैं। प्रभारी विज्ञापन पल्लवी सिंह द्वारा बताया कि अभियान को तेज किया गया है जिसमें सिटी जोन अंतर्गत राजनगर एक्सटेंशन व अन्य क्षेत्रों में अवैध विज्ञापन हटाने की कार्यवाही की गई होर्डिंग व बैनर हटाए गए। उन्होंने कहा कि शहर में जहां भी अवैध विज्ञापन हो रहा है उन सभी को नोटिस जारी किए जा रहे हैं तथा अवैध विज्ञापन पर रोक लगी निरंतर कार्यवाही अमल में लाई जा रही है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक ने भी व्यापारियों से अवैध रूप से होर्डिंग बैनर पर प्रचार न करने की अपील की गई है। समस्त जोनल प्रभारी को भी अपने-अपने क्षेत्र में अवैध विज्ञापन पर रोक लगाने के कड़े निर्देश जारी किए गए हैं।

# जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने की इन्दिरापुरम विस्तार योजना की समीक्षा बैठक



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** शुक्रवार को जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स की अध्यक्षता में इन्दिरापुरम विस्तार योजना के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक आयोजित हुई। इस समीक्षा बैठक में में इन्दिरापुरम विस्तार योजना के अन्तर्गत रिक्त भूमि का नियोजन किये जाने, कब्जाहीन भूमियों पर कब्जा प्राप्त करने तथा भूमियों पर प्रभावी स्थगन आदेशों की समीक्षा की गई। जीडीए उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने प्राधिकरण की भूमि पर अवैध कब्जा कर संचालित किये जा रहे बैंकट हॉल आदि के विरूद्ध उ०प्र० नगर योजना एवं विकास अधिनियम, 1973 की सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही प्रस्तावित करने तथा उक्त अवैध निमार्णों पर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही करते हुए भूमियों का कब्जा प्राप्त करने के आदेश दिये। नियोजन अनुभाग को निर्देशित किया गया कि अवैध कब्जे से मुक्त जो भी भूमि प्राधिकरण के कब्जे में है, उन पर नियोजन की कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। उक्त समीक्षा बैठक में प्रवर्तन, अभियंत्रण, भू-अर्जन एवं नियोजन अनुभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 28 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2025 तक चलाया जायेगा गोल्डन कार्ड हेतु महा अभियान

## गोल्डन कार्ड को किसान किसी भी योजना का लाभ लेने के लिये प्रदर्शित कर सकते है: एडीएम सौरभ भट्ट



**गाजियाबाद करंट क्राइम।** अपर जिलाधिकारी (वि०/रा०) गाजियाबाद सौरभ भट्ट द्वारा प्रेस नोट जारी करते हुए अवगत कराया गया कि मुख्य सचिव उ०प्र० शासन लखनऊ द्वारा दिये गये निदेशों के परिपालन में जनपद गाजियाबाद में फार्मर रजिस्ट्री का कार्य प्राथमिकता पर किया जा रहा है। इस कार्य को दिनांक 28.12.2024 से 31.12.2024 तक महा अभियान के रूप चलाया जायेगा। यह अभियान तहसील गाजियाबाद मोदीनगर एवं लोनी के समस्त ग्राम पंचायतों में प्रातः 10:00 तक अपरान्ह 6:00 तक संचालित किया जायेगा। फार्मर रजिस्ट्री के अन्तर्गत किसान के समस्त गाटा को आधार से लिंक किया जायेगा। जिसके पश्चात किसान को गोल्डन कार्ड प्राप्त होगा। इसी गोल्डन कार्ड को किसान किसी भी योजना का लाभ लेने के लिये प्रदर्शित कर सकता है। गोल्डन कार्ड धारक कृषकों को फसली ऋण लेने में जमीन के विवरण की आवश्यकता नहीं होगी। किसान किसी भी जन सेवा केन्द्र पर अपना आधार कार्ड, मोबाईल न० एवं खसरा / खतौनी की कॉपी के साथ दिनांक 28.12.2024 से 31.12.2024 तक उपस्थित होकर गोल्डन कार्ड प्राप्त कर सकते है।




▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि वीरवार को दिखी भगवा झा की जनरली साहब में पूरी आस्था? हमने देखा स्वागत कार्यक्रम से जहां अधिकतर संगठन के पदाधिकारी बना गये दूरी? वहीं उन्होंने नही बदला बिल्कुल भी मोहब्बत का रास्ता? काफी देर तक वो रहे राजनगर वाले आवास पर मौजूद? चेहरे पर दिखाई दे रहा था उनके खुशियों का वजूद? उन्होंने नहीं की किसी भी संभावित नाराजगी की केयर? कहने वाले ने कहा ऐसे चेहरे राजनीति में दिखाई देते हैं बहुत ही रेयर?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवागढ़ में मंडल अध्यक्ष बनने का उत्साह दिख रहा है जोरदार? हमें पता चला है नदिया पार के एक ही घर से दो चेहरे हैं मंडल अध्यक्ष के दावेदार? हसबैंड और वाईफ दोनों ने की है जोरदार दावेदारी? सुना है बड़े वाले जनप्रतिनिधि का आशीर्वाद लेकर टी-सीरिज भी कर रही है इन दोनों में से किसी एक को मंडल का प्रधान बनाने की तैयारी? कहने वाले ने कहा बहुत ही सोच समझ कर सौंफ वालों की घेरा बंदी का तैयार हुआ है प्लान? पति और पत्नी में से कोई भी अध्यक्ष बने? पद तो एक ही घर पर आना है श्रीमान?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि कभी-कभी कॉम्बो पॉवर वाले विधायक प्लस भगवा कमांडर संजीव शर्मा मुस्कुराहट में ही दे देते हैं सारे संदेश? जो उनकी मुस्कुराहट के राज को समझ लेता है? फिर शिकस्त नहीं खाता है वो फेस? सुना है पहलवान के खास नदिया पार के दो भगवा कमिश्नरों को लेकर मीटिंग में कुछ कही ऐसी कमांडर ने बात? जिससे दो चेहरों की उड़ती दिखी हमें मुस्कुराहट? उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा माहौल को देखकर लग रहा है हमें करनी होगी इन दोनों चेहरों के फेयरवेल की तैयारी? अब इतने से ही समझ जाओ किसकी बात हो रही है? हर बार जरूरी नहीं है कि दी जाये नाम की जानकारी?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जनरली साहब के घर पर आज भी कुल में दीप जलाने वाले चौहान का मामला है खास? आज भी नहीं टिक रहा है उनके कोई भी आस-पास? कहने वाले ने कहा हम थे स्वागत को लेकर साहब के राजनगर वाले घर पर मौजूद? यहां पर मजबूत दिख रहा था बेनाम बादशाह का वजूद? मैडम ने जमकर की मिस्टर चौहान की तारीफ? हालांकि गुस्से वाली कमी भी निकाली उन्होंने बारीक? इन शब्दों को सुनकर पूर्व विधायक चौधरी साहब ने भी दिया चौहान का साथ? कहा पब्लिक डीलिंग में हो जाती है थोड़ी बहुत ऊंची आवाज? हमें है इस चेहरे की वर्किंग पर नाज?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि बृज वाले एरिया के कमिश्नर के विधायक जी से दिल का रिश्ता है बहुत ही खास? उन्हें बहुत बुरा लगता है जब कोई खुद को विधायक जी का खास बताकर जाता है दूसरों के पास? सुना है कुछ ऐसी ही तैयार की उन्होंने भगवागढ़ के दो पार्षदों की रिपोर्ट? जब टिकट चाहिए था तब ले रहे थे ये विधायकों की सपोर्ट? सुना है इनकी पूरी कुंडली तैयार करके त्यागी जी ने पूरी बात पहुंचा दी है विधायक जी के पास? सुना है इसके बाद ये दोनों चेहरे कुर्सी पर बैठे हुए नजर आये विधायक जी के आस-पास? अगर यकीन नहीं आता आपको हमारी बात पर? तो दोनों के सिटिंग वाली फोटो रखे हैं हमारे पास?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि ठाकुर समाज ने उठा तो दी है भाजपा अध्यक्ष समाज के ही व्यक्ति को बनाने को लेकर पूरी हुंकार? अब देखना ये है कि इस मामले में अब क्या कुछ करके दिखा पायेंगे भगवा सरदार? सुना है उन्हें पार्टी के एक बड़े वैश्य नेता ने कर दिया है आश्वस्त? कह दिया है हम आपके नाम पर करायेंगे मजबूती से विचार? कहने वाले ने कहा वैसे सरदार जी को लेकर हमारी यही है राय? वो पार्टी के पुराने सिपाही हैं उन्होंने विपक्ष में झेली है विरोध वाली हवायें? पार्टी के प्रति समर्पण का उनका पुराना है इतिहास? क्या फर्क पड़ जायेगा अगर इस बार नदिया पार के इस चेहरे को दे दे पार्टी आशीर्वाद?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि जब जनरली साहब के यहां दौड़ी बधाई देने के लिए भारी संख्या में भीड़? सुना है ये भीड़ की मौजूदगी विरोधी खेमे के कई चेहरों के सीने में चुभा रही थी तीर? वो हंस हंस कर अपना दर्द दबा रहे थे यार? कह रहे थे ये जितने भी चेहरे वहां खुश नजर आ रहे हैं? उन्हें अब मिजोरम की राजनीति में करनी चाहिए अपने लिए भूमिका तैयार? करनी चाहिए वहां पर मंडल से लेकर महानगर अध्यक्ष की तैयारी? क्योंकि यहां गाजियाबाद में हालात पूरी तरह बदल चुके हैं? शायद इन भोलों को नहीं है अभी तक जानकारी?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि ये कहकर मुस्कुरा गया विधायक जी के समर्थक का चेहरा? उसने कहा 2027 को लेकर हमें चिंता नहीं है? हमारे विधायक जी के सिर पर ही बंधेगा टिकट का सेहरा? उसने कहा बिल्कुल भी हमारे विधायक जी की इस सीट पर नहीं होगी डिफीट? जिस सीट को लेकर डाउट है, उसे बताया जाता है वीआईपी के लिए ठीक? हर बार इस सीट पर सुनाई देती है वीआईपी चेहरों की पुकार? हमारे विधायक जी की सीट के तो कोई भी वीआईपी नहीं करना चाहता है दीदार? समझ जाओ हम बात इधर की कर रहे हैं या फिर मामला है उस पार?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि मैदी जी के प्रिय मित्तल जी का भी पित्तल का नहीं है यार? हमने खंगाला था उस वक्त उनका दिल? जब उनका इंतजार कर रहा था थानेदार? वो गये थे किसी की सिफारिश लेकर अपने साथ? तभी किसी ने उनसे पूछी जनरली साहब के यहां पर जाने वाली बात? इस बात का तपाक से दिया मित्तल भैया ने जवाब? कहा जहां हम हैं वहां मजबूती से बह रहा हमारी राजनीति का झरना है? हम जहां हैं वहां पर पूरी तरह से खुश हैं? हमें वहां पर जाकर क्या करना है?

▶▶ क्यों कहा कहने वाले ने कि समर्थक हो तो किसान वाले भगवा भारद्वाज जैसा? नहीं तो फिर समर्थक होने का नहीं कराये कोई एहसास? हमने देखा मिस्टर भारद्वाज के दिल में भगवा किंग के लिए जगह है बहुत ही खास? उन्होंने भगवा किंग के बाहर बड़ा वाला होर्डिंग परमानेंट दिया है ठोंक? आचार संहिता की मजबूरी में उन्हें इसको हटाना पड़ता है? नहीं तो वो नहीं रूकते हैं किसी के रोके से रोक? हर त्योहार पर वो बदलते हैं होर्डिंग पर बधाई? 365 दिन अपने नेता के घर के बाहर उनका मुस्कुराहट से भरा हुआ होर्डिंग हमेशा देता है दिखाई?

नोट: उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।

## शोक सभा



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ मनमोहन सिंह के निधन पर समाजवादी पार्टी कार्यालय गाजियाबाद पर शोक सभा आयोजित की गयी। सभी कार्यकर्ताओं ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर सपा जिलाध्यक्ष फैसल हुसैन एडवोकेट, महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र यादव एडवोकेट, नितिन त्यागी जिला महासचिव, राज देवी चौधरी प्रदेश उपाध्यक्ष, गुलाब यादव महानगर उपाध्यक्ष, रविंद्र यादव महानगर अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड, इरफान, अमन चौधरी जिला अध्यक्ष यूथ ब्रिगेड, दिनेश गुर्जर विधानसभा अध्यक्ष, अब्बास हैदर महानगर अध्यक्ष अल्पसंख्यक सभा लोनी, असलम कुरेशी जिला अध्यक्ष लोहिया वाहिनी, अनिल चौधरी जिला अध्यक्ष व्यापार सभा, आकाश अग्रवाल विधानसभा अध्यक्ष मुरादनगर, अवतार सिंह विधानसभा अध्यक्ष साहिबाबाद, ताहिर हुसैन प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, दुर्गेश चौधरी जिला अध्यक्ष महिला सभा, मंजूर खान, मुस्तकीम अली, आशा सचदेव जिला सचिव, नानक चंद प्रजापति जिला सचिव, सुरेंद्र यादव, मासूम खान, रिजवान चौधरी, रवि त्रिपाठी, राहुल रावत कार्यालय प्रभारी उपस्थित रहे।

## चिन्टू जी




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट: चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** ये भी एक संस्कार है और सही में ये एक सुख भी है जो सौभाग्य से मिला है। परिवार है ओर धार्मिक संस्कार है तभी तो अमित डेढ़ा ने अपनी जीवन साथी सिम्मी डेढ़ा का जन्मदिन अपने परिवार के साथ श्री बांके बिहारी जी मंदिर वृंदावन में धूमधाम से मनाया। ये एक संदेश सनातन का भी है और ये एक संदेश परिवार के संस्कारों का भी है। यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।